# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025


आज सुबह सफारी करेंगे, बाघ का दीदार करेंगे

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाघ और वन्यजीवों के बीच बिताएंगे खास पल



**वन विभाग व पुलिस टीम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल सख्त किए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरिया

उमरिया जिले में बांधवगढ़ नेशनल पार्क में आज यानी बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बाघ का दीदार करेंगे।

मुख्यमंत्री सोमवार की रात अपने परिवार के साथ बांधवगढ़ में रुकेंगे और बुधवार की सुबह वन्यजीव सफारी के दौरान बाघ और अन्य वन्यजीवों को करीब से देखने जाएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर हाई अलर्ट जारी किया है। प्रशासन ने पार्क और आसपास के क्षेत्रों में यातायात नियंत्रण, सुरक्षा गार्ड और अन्य आवश्यक इंतजाम किए हैं, ताकि मुख्यमंत्री और उनके परिवार के लिए सफर सुरक्षित और सुविधाजनक रहे। वन विभाग और पुलिस बल की टीम इस दौरान सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन कर रही है। मुख्यमंत्री के साथ परिवार के सदस्यों का भी होना इस यात्रा को और खास बनाएगा।

आज सुबह होने वाली सफारी में मुख्यमंत्री बाघों के प्राकृतिक आवास का निरीक्षण करेंगे और वन्यजीव संरक्षण के महत्व को समझने के साथ-साथ स्थानीय अधिकारियों से क्षेत्र में सुरक्षा और संरक्षण संबंधी योजनाओं की जानकारी भी लेंगे।

**मुरैना में रिश्ते के ताऊ ने 3 माह की बच्ची से शराब के नशे में की दरिंदगी, बच्ची की हालत गंभीर, आरोपी गिरफ्तार**

## देख लीजिएगा...आपके घर में ही कहीं दरिंदा तो नहीं छिपा?

### ताऊ ने बच्ची को खिलाने के बहाने उठाया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरैना

स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में एक तीन माह की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। शराब के नशे में रिश्ते के ताऊ ने ही दरिंदगी की घटना को अंजाम दिया है। ताऊ ने बच्ची को खिलाने के बहाने उठाया और अलग कमरे में ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने आरोपी ताऊ पर मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।



अस्पताल में लगी गुस्साए लोगों की भीड़


**संयुक्त परिवार में रहता है आरोपी**

पीड़ित और आरोपी का परिवार एक ही घर में संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं। आरोपी बच्ची के पिता के ताऊ का लड़का है। आरोपी की उम्र 30 साल है। मंगलवार को दोपहर 12 बजे के करीब आरोपी शराब के नशे में घर पहुंचा उस समय बच्ची घर के आंगन में खाट पर सो रही थी आरोपी ने बच्ची को खिलाने के लिए उठाया तो पीड़ित बच्ची की मां और दादी ने उसे नशे में होने के कारण बच्ची को उठाने से मना किया।

मप्र हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

## 16 साल की रेप पीड़िता को मिली बच्चे को जन्म देने की इजाजत

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 16 साल की रेप पीड़िता को अपने बच्चे को जन्म देने की इजाजत दे दी है, यह कहते हुए कि उसकी मर्जी के बिना प्रेग्नेंसी खत्म करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। लड़की ने अब अपने बच्चे के पिता से शादी कर ली है।



जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार डिलीवरी से जुड़े सभी खर्च उठाएगी, जो भोपाल के हमीदिया अस्पताल में एक एक्सपर्ट मेडिकल टीम की मौजूदगी में होगी। एक जिला अदालत की ओर से नाबालिग रेप पीड़िता की प्रेग्नेंसी खत्म करने के बारे में हाई कोर्ट को लिखे जाने के बाद यह फैसला आया। इसके बाद हाई कोर्ट ने एक मेडिकल बोर्ड से रिपोर्ट मांगी।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### 'बैटल ऑफ गलवान' पर भड़का चीन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' के टीजर ने सीमा पार हलचल तेज कर दी है। चीन के सरकारी मुखपत्र 'ग्लोबल टाइम्स' ने फिल्म पर 'तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने' और 'अतिशयोक्तिपूर्ण ड्रामा' करने का आरोप लगाते हुए कड़ी आपत्ति जताई है। भारत ने आरोपों को खारिज कर दिया है।



### मनरेगा को बताया भ्रष्टाचार का पर्याय

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'जी रामजी' बिल को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि मनरेगा में मजदूरों के बजाए मशीनों और ठेकेदारों से काम लिया जा रहा था, जिससे बदलाव किया गया है। पंजाब सरकार द्वारा कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने पर कटाक्ष किया।



### चेकिंग के दौरान कार से 1.18 करोड़ रु. बरामद

**इंदौर।** विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कनाड़िया पुलिस ने बिचौली मर्दाना ब्रिज के पास एक टाटा नेक्सॉन कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए जब्त किए हैं। कार सवार तीन युवकों ने बताया कि यह रकम प्लायवुड कारोबारी सनद अग्रवाल की है, जिसे उनके फार्म हाउस ले जाया जा रहा था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर आयकर विभाग को सूचित किया गया है।



**जहरीला पानी : देश के सबसे स्वच्छतम शहर इंदौर में दूषित पानी से हाहाकार**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तत्काल संज्ञान लिया, सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा**

# दूषित पानी से बुजुर्ग समेत 3 लोगों की मौत, 34 से अधिक बीमार हुए

*वार्ड और आसपास चल रही खुदाई या फिर पानी की टंकी के दूषित होने से यह स्थिति बनी। क्षेत्र में नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन सप्लाई लाइन में गड़बड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा*



अस्पताल में भर्ती लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी की सप्लाई के कारण 35 से अधिक लोग बीमार हो गए हैं। इलाके में फैले जलजनित संक्रमण के कारण अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है।

बिगड़ते हालातों को देखते हुए नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल जाना और मौतों की आधिकारिक पुष्टि की। मंगलवार सुबह वर्मा अस्पताल में 75 वर्षीय नंदलाल पाल ने दम तोड़ दिया।

- मंत्री विजयवर्गीय ने की मौतों की पुष्टि, मरने वालों में दो महिलाएं भी
- पानी के नमूनों की जांच की जा रही वैकल्पिक जल आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही



मंत्री विजयवर्गीय प्रभावित क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करने पहुंचे

### टंकी को भरने वाली लाइन को भी चेक करें: आयुक्त

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने प्रभावित क्षेत्र में किए जा रहे निर्माण कार्यों के आस-पास की जल वितरण लाइनों को भी चेक करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही कॉटन अड्डा से भागीरथपुरा पेयजल टंकी के बीच मेन लाइन को चेक करते हुए, भागीरथपुरा पेयजल टंकी को जिस मेन लाइन से भरा जाता है, उस लाइन के आस-पास पिछले दिनों में किसी भी तरह की खुदाई या लाइन डालने या कोई काम तो नहीं हुआ, इसकी जानकारी जुटाने को कहा है।

**150 शिकायतें, अब जागा प्रशासन**

पिछले एक हफ्ते में करीब 150 लोग दूषित पानी की शिकायत प्रशासन से कर चुके थे, लेकिन समय रहते कार्रवाई न होने से यह स्थिति बनी। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के हस्तक्षेप के बाद नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें अलर्ट पर हैं।

**इलाज के पैसे वापस करवाएगी सरकार**

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा। जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा। शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि वार्ड और आसपास चल रही खुदाई या फिर पानी की टंकी के दूषित होने से यह स्थिति बनी। क्षेत्र में नर्मदा का पानी सप्लाई किया जाता है, लेकिन सप्लाई लाइन में गड़बड़ी की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा। प्रशासन का कहना है कि पानी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**नागदा टीआई ने नहीं बुझने दिया 'चिराग'**



युवक को सीपीआर देते थाना प्रभारी

## आत्महत्या कर रहे युवक की लौटाईं सांसें, सीपीआर दिया

**टीआई को पुलिस प्रशासन देगा इनाम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

नागदा तहसील क्षेत्र में बीती रात एक युवक के लिए देवदूत बनकर थाना प्रभारी उसके घर पहुंच गए और उसकी जान बचा ली। थोड़ी भी देर हो जाती तो युवक की जीवन लीला समाप्त हो जाती है। युवक ने रात 1 बजे अपने घर में आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा था। तभी पिता की बेटे पर नजर पड़ी।

पिता घर के बाहर दौड़े और बेटे को बचाने के लिए मदद की गुहार लगाई। उसी वक्त वहां से रात्रि गश्त पर निकले नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी गुजर रहे थे।

**डीजीपी ने दी टीआई को बधाई**

थाना नागदा क्षेत्र में आने वाले जनमेजय मार्ग स्थित पानी की टंकी के पास यादव परिवार रहता है। परिवार में बेटे धैर्य ने सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात आत्महत्या करने की कोशिश की थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने कहा कि ईश्वर की कृपा है कि युवक को नया जीवन मिला है। अमृतलाल गवरी को डीजीपी की ओर से भी बधाई शुभकामनाएं दी गई हैं और उन्हें उचित इनाम भी दिया जाएगा।

**3 बदमाशों ने की लूट की वारदात**

## आंखों में मिर्ची झोंककर किसान से 25 लाख लूटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

- जमीन बिकाऊ है...कहकर बाइक रोकी

जिला मुख्यालय से तूमैन रोड पर बाइक से अशोकनगर आ रहे एक किसान लखविंदर पुत्र सतपाल सिंह(40) निवासी तमोइया चक्क को बाइक से आए 3 लुटेरों ने आंखों में मिर्ची डालकर लूट लिया। किसान का उपचार जिला अस्पताल अशोकनगर में चल रहा है। घर से कुछ दूर आने के बाद वह मोबाइल लेने अपने घर गया था जब वह लौटकर आया तब सुबह 10 बजे यह घटना हुई। किसान का कहना है कि वह यह रुपए जिनसे लिए थे



पीड़ित किसान अस्पताल में भर्ती

उन्हें देने जा रहा था। रामपुरा मोहल्ला निवासी जज्जी को 24 लाख और एक सैनिक को 1 लाख रूपए देना थे। वह यह रुपए बैग में रखकर बाइक पर आगे रखकर लाया था। इन तीन बदमाशों ने जमीन बिकाऊ है यह कहकर उसकी बाइक को रोक लिया और आंखों में मिर्ची डालकर रुपए छीन ले गए।

बहन के साथ लकड़ी बीनने गया था

## उफ! 10 साल के बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

- तेंदुए का पता लगाने ड्रोन कैमरों का इस्तेमाल

कटनी में 10 साल के बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया। तेंदुआ उसे जबड़े में दबाकर घने जंगल में ले गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाया तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्चे को ढूंढ़ने जंगल के भीतर गए, जहां झाड़ियों में उसका शव मिला। मामला कटनी जिले की विजयराघवगढ़ तहसील के घुनौर गांव में मंगलवार दोपहर का है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राज कोल अपनी बहन और दोस्तों के साथ जंगल में लकड़ी बीनने गया था। इसी दौरान झाड़ियों में




झाड़ियों में मिला शव

छिपे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मारा। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता या राज को बचाने का प्रयास करता, तेंदुआ उसे लेकर जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर जंगल की तरफ दौड़े, लेकिन तेंदुए का पता नहीं चल सका। बच्चे का शव घने जंगल के करीब 500 मीटर अंदर झाड़ियों के बीच में मिला।





डॉ. हिमांशु द्विवेदी

## दार अस सलाम से सेरंगेट्टी तक तंजानिया की धड़कनों के बीच सफर


**जिसकी दिलचस्पी वन्य जीवन है उसे दार अस सलाम में एक दिन बिताना भी भारी ही लगेगा, खासकर तब जब चमकते सूरज के चलते उमस भरी गर्मी ना चाहते हुए भी आपके बदन से बेहिसाब पसीना निकाल दे रही हो। तंजानिया प्रवास पर आने वाले तमाम पर्यटकों की तरह अपनी भी मंजिल सेरंगेटी नेशनल पार्क ही है और वहां पहुंचने का सबसे बेहतर तरीका स्थानीय विमान सेवा ही है। आपको बता ही चुका हूं कि यहां सड़को की हालत हद से ज्यादा खराब है और रेल नेटवर्क भी अभी ठीक से विकसित हुआ नहीं है। लिहाजा आप कितने ही जमीन से जुड़े व्यक्ति हों लेकिन यहां आपको हवा में ही रहना चाहिए।**

यात्रा वृत्तांत

विकल्प तो दार अस सलाम से सीधे सेरंगेटी स्थित हवाई पट्टी पर चार्टर फ्लाइट से उतरने का भी रहता है लेकिन जेब के लिहाज से बेहतर है कि रेगुलर फ्लाइट से मवांजा या अरुषा उतरा जाए। यह दोनो ही बेहद सुंदर शहर बताए जाते हैं। हमारी मंजिल मवांजा है जो ताजे पानी की झील लेक विक्टोरिया के किनारे बसा है।

राष्ट्रीय उद्यान घोषित करने की वजह बेहिसाब शिकार के चलते उत्पन्न खतरा ही था। यह कितनी हैरानी की बात है कि तंजानिया ने गुलामी के दौर में ही वन्य जीवों को अवैध शिकार से बचाने कदम वर्ष 1951 में ही उठा लिए वहीं हमने यह कदम आजादी के ढाई दशक बीत जाने के बाद 1972 में उठाए। अभी भी अवैध शिकार हमारे तंत्र के लिए बहुत बड़ी चुनौती है। यहां वाहन चालक ही गाइड और असिस्टेंट की भूमिका में रहता है।





**आकर्षण का केंद्र 'मसाई-मारा'**

दुनिया भर के प्रेमियों के बीच बेहद आकर्षण का केंद्र है 'मसाई-मारा'। केन्या स्थित यह उद्यान सेरंगेट्टी के साथ मिलकर ही विश्व प्रसिद्ध वार्षिक पशु प्रवासन को सदियों से अंजाम देते आ रहे हैं। इसके तहत बीस लाख से अधिक विल्डर बीस्ट, आठ लाख से अधिक जेब्रा हजारों किलोमीटर की यात्रा स्व अनुशासन में भोजन की तलाश में तय करते हैं। वर्ष भर चलने वाले इस प्रवासन में यह पशु महज तीन माह मसाई मारा में और नौ माह सेरंगेट्टी में बिताते हैं। लाखों की संख्या में गजेल(हिरन की प्रजाति) भी इसका हिस्सा होते हैं लेकिन वह सरेंगेट्टी का इलाका पार नहीं करते। मसाई मारा के मायने क्या हैं, यह आपको कल बताते हैं।

जबलपुर
बुधवार, 31 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष–11
वर्ष : 20, अंक : 242
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 9

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




13 भारतीय महिला खिलाड़ियों ने....

14 जो व्यक्ति घटनास्थल पर मौजूद ...

प्रधानमंत्री मोदी ने 2026-27 के बजट से पहले अर्थशास्त्रियों से मुलाकात की, बोले- 2025 ऐतिहासिक

# भारत सुधार के दौर में...इसका प्राथमिक इंजन भारत की जनसंख्या, युवा पीढ़ी और हमारे लोगों का अदम्य साहस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अपने लोगों के नवाचार के जोश के बल पर वैश्विक ध्यान का केंद्र बनकर उभरा है और आज दुनिया भारत को आशा और विश्वास की नजरों से देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह बात कही।

लिंक्डइन पर पोस्ट किए गए एक लेख में प्रधानमंत्री ने 2025 को भारत की सुधार यात्रा का एक ऐतिहासिक वर्ष बताया, जो पिछले 11 वर्षों में हुई प्रगति पर निर्णायक रूप से आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की गति में आई तेजी की सराहना करती है, जो विभिन्न क्षेत्रों को कवर करते हैं।

हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया



### राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि 2025 को भारत के लिए एक ऐसे वर्ष के रूप में याद किया जाएगा जब उसने पिछले 11 वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के आधार पर निरंतर राष्ट्रीय मिशन के रूप में सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। हमने संस्थानों का आधुनिकीकरण किया, शासन को सरल बनाया और दीर्घकालिक, समावेशी विकास की नींव को मजबूत किया।

### देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बजट 2026 पर विचार-विमर्श करने के लिए देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और आर्थिक क्षेत्र विशेषज्ञों से मुलाकात की। यह बैठक सुबह 11 बजे शुरू हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम, आयोग के अन्य सदस्य, अर्थशास्त्री और क्षेत्रीय विशेषज्ञ भी बैठक में उपस्थित रहे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 1 फरवरी को 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किए जाने की संभावना है।

## प्रसादी खाने के बाद गांव के कई लोग बीमार

**खिलचीपुर।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर क्षेत्र के गादिया लुहार गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम



की प्रसादी ग्रहण करने से आसपास के तीन-चार गांवों के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों की तबीयत बिगड़ गई। जिनमें से 12 बीमारों को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कथा आयोजन में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की थी। इसके बाद पेट में दर्द, दस्त, जलन व अन्य शारीरिक तकलीफें शुरू हो गईं। सोमवार रात्रि 12 लोगों को खिलीचपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया गया। हालांकि, फिलहाल सभी की हालत सामान्य है। अस्पताल में भर्ती लोगों ने बताया कि प्रसादी गृहण करने के बाद उन्हें पेट में जलन, दस्त जैसी तकलीफ शुरू हो गईं।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय की नई एडवाइजरी...विमान यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखना होगा

# विमानन कंपनियों को निर्देश, उड़ान लेट तो खाना और रिफंड देना होगा

*पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस स्थिति को देखते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मंगलवार को सभी विमानन कंपनियों को निर्देश दिया कि वे यात्रियों की सुविधाओं से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि खराब मौसम के कारण उत्पन्न हुई इस परिस्थिति में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति अवश्य जांच लें और यात्रा के लिए अतिरिक्त समय लेकर चलें। मंत्रालय ने विमानन कंपनियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे उड़ान में देरी होने पर यात्रियों को भोजन उपलब्ध कराएं। उड़ान रद्द होने की स्थिति में या तो दूसरी उड़ान की व्यवस्था करें या पूरा पैसा वापस करें। साथ ही समय पर चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए और उनकी शिकायतों का तुरंत समाधान हो।

चेक-इन करने के बाद भी यात्रियों को विमान में चढ़ने से मना न किया जाए



घने कोहरे के चलते एयर इंडिया के विमान हुए खड़े

**एयर इंडिया ने यह की व्यवस्था**

- *यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं*
- *या बिना किसी कटौती के पूरा पैसा वापस ले सकते हैं*

### कई जगह दृश्यता शून्य, 600 उड़ानें और 100 ट्रेनें प्रभावित

पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर जारी है। घने कोहरे का असर यातायात संसाधनों पर भी देखने को मिला है। भीषण कोहरे के चलते 600 उड़ानें प्रभावित हुईं और 100 से अधिक ट्रेनें लेट हुई हैं। इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और ऑपरेशनल कारणों के चलते 118 उड़ानें रद्द कर दीं। इनमें से छह उड़ानें ऑपरेशनल कारणों के चलते रद्द की गईं, जबकि बाकी अलग-अलग हवाईअड्डे पर खराब मौसम की वजह से कैंसिल हुई हैं। घने कोहरे के कारण अकेले दिल्ली हवाईअड्डे पर 128 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जिनमें आगमन और प्रस्थान की 64-64 उड़ानें शामिल थीं। आठ उड़ानों को दूसरे शहरों में डायवर्ट करना पड़ा। लगभग 470 उड़ानें विलंबित हुईं। इनमें प्रत्येक उड़ान के प्रस्थान में औसतन 24 मिनट की देरी हुई।

### *इंडिगो की 118 उड़ानें रद्द*

इंडिगो ने सोमवार को खराब मौसम और परिचालन कारणों से 118 उड़ानें रद्द कर दी। इंडिगो की वेबसाइट से यह जानकारी मिली। वेबसाइट से मिली जानकारी के मुताबिक, इनमें से छह उड़ान सेवाएं परिचालन कारणों से रद्द की गईं जबकि बाकी विभिन्न हवाई अड्डों पर खराब मौसम की स्थिति के कारण रद्द कर दी गईं। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार, मुंबई, बेंगलुरु, कोचिन, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, चंडीगढ़, जयपुर, देहरादून, इंदौर, पटना और भोपाल जैसे अन्य हवाई अड्डों से आने-जाने वाली उड़ानें भी रद्द की गई हैं।

### यात्रियों की सहायता के लिए टीमें तैनात

इस बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों की सहायता के लिए 'फॉगकेयर' नाम के पहल की जानकारी दी है। इसके तहत, अगर कोहरे के कारण किसी उड़ान के प्रभावित होने की संभावना है, तो यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदल सकते हैं या बिना किसी कटौती के पूरा पैसा वापस ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि उनके मैदानी कर्मचारी हवाई अड्डों के मुख्य स्थानों पर यात्रियों की मदद के लिए तैनात हैं। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने भी प्रभावित हवाई अड्डों पर सहायता टीमें तैनात की हैं।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू, बचत 22 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, जीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफर्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती है. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नकल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gohana: Mahadev BAJAJ 8222949408 • Panipat: SUVIDHA BAJAJ 9812058111, 9812500103 • Kaithal: Shikha BAJAJ 9812392111/9812397111• Assandh: BALHARA BAJAJ 8059940113, 8059940114 • Rohtak: ANSH BAJAJ 9254211102 • Jhajjar: ANSH BAJAJ 7015152566: ANSH BAJAJ 9254211104 • Bahadurgarh: BABA BAJAJ 9215455501/03 • Faridabad: NIT,Railway Road:- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112 • Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Nuh: Near bus Stand : Vidya Bajaj: 9350961708, 9350963537, 9485900072 • Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153;. Ambala City: GOYAL BAJAJ 9781111000• Ambala Cantt: Goyal Bajaj 9053016401 • KARNAL: VEER BAJAJ 7419646451• KURUKSHETRA: VEER BAJAJ 7419646472• Pehowa: RAJINDERA BAJAJ 9729670800• Jagadhri: KRISHNA BAJAJ 9812031611 • Yamuna Nagar: KRISHNA BAJAJ 9813445102 • Panchkula: PANCHKULA BAJAJ 9115520031, 0172 - 5064356. • Hansi: BALHARA BAJAJ: 9468244600, 9416265833 • Sirsa: RAJA BAJAJ 9996027379 • Bhiwani: SHREE SHYAM BAJAJ 9518801045 • Charki Dadri: BALHARA BAJAJ 7419977199, 9813201900 • Fatehabad: FATEHABAD BAJAJ 9017688012, 972869006 • Jind: BANSAL BAJAJ 9138215480 • Narnaul: RR BAJAJ 9466320249 • Ballabgarh: ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517 •Palwal: VIDYA BAJAJ 9416636037, 9485900036, 9315332830.

## चिंतन

# चीन के नियम '50' से सीख ले भारत

अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच चीन अब लगातार अपने देश में बने सामान को ही बढ़ावा दे रहा है। इसके लिए ड्रैगन 50 फीसदी का नया नियम लेकर आया है। यह नियम सभी चिप कंपनियों पर लागू होगा। इसके तहत अब चीन में लगने वाली नई या पुरानी फैक्ट्रियों का विस्तार करने के लिए कम से कम 50% उपकरण चीन में ही बने हुए इस्तेमाल करने होंगे। एक रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सरकार चाहती है कि देश में ही चिप बनाने का पूरा सामान तैयार हो जाए, ताकि उसे दूसरे देशों पर निर्भर न रहना पड़े। इस नियम का उद्देश्य खुद की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री को मजबूत करना है। इससे चीन में चिप बनाने वाली कंपनियों को अपने उपकरणों के लिए घरेलू आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहना होगा, जिससे चीनी कंपनियों को बड़ा फायदा होगा। इस नए नियम का अमेरिकी कंपनियों पर भी काफी प्रभाव पड़ सकता है। चीन ने अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जिनमें नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन, एल3 हैरिस मैरीटाइम सर्विसेज और बोइंग जैसी बड़ी रक्षा कंपनियां शामिल हैं। वहीं, चीन के नियम-50 से भारत को भी सीख लेनी चाहिए, ताकि भारत का वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित भारत का मिशन सफल हो सके। बता दें कि यह एक बहुत बड़ा कदम है जो चीन ने उठाया है। चीन अब विदेशी तकनीक पर अपनी निर्भरता कम करता जा रहा है। यह कोशिश तब और तेज हो गई, जब साल वर्ष 2023 में अमेरिका ने एक्सपोर्ट पर और सख्त नियम बना दिए थे। अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड एआई चिप्स और चिप बनाने वाले उपकरण बेचने पर रोक लगा दी थी। हालांकि, अमेरिका के इन नियमों ने कुछ सबसे एडवांस्ड मशीनों की बिक्री रोक दी, लेकिन 50% वाले इस नियम की वजह से चीनी कंपनियां अब उन जगहों पर भी अपने देश के सप्लायर्स को चुन रही हैं, जहां अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोप के विदेशी उपकरण उपलब्ध हैं। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग लगातार यह कहते रहे हैं कि देश को चिप बनाने के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'पूरे देश' को मिलकर प्रयास करना होगा। भारत भी चीन से इस मामले में कुछ सबक ले सकता है। चिप निर्माण में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत अभी सेमीकंडक्टर बनाने के लिए जरूरी मशीनें, केमिकल और वेफर्स जैसे सामान दूसरे देशों से खरीदता है। ये सामान ताइवान, अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों से आते हैं, लेकिन अब भारत सरकार 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' (आईएसएम) के तहत खुद सेमीकंडक्टर बनाने की क्षमता बढ़ा रहा है। भारत भी इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है, ताकि दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो। भारत को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए चीन जैसे नियम को अपनाना चाहिए। भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए आत्मनिर्भरता बढ़ानी होगी। अपने व्यापारिक संबंधों को विविध बनाने और चीन के अलावा अन्य देशों के साथ व्यापार बढ़ाने की कोशिश करनी होगी। भारत को अन्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक व्यापारिक संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके अलावा, भारत को विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए प्रयास करने चाहिए, अपनी प्रौद्योगिकी विकसित करने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए, ताकि भारत की दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सके और देश का आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके।



# भारत का साथ जरूरी या केवल दिखावा

सुरक्षा रणनीति

डॉ. एन.के. सोमानी

> संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है। ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है।

चीन और यूरोप के साथ संबंधों में तनातनी के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपनी नई सुरक्षा रणनीति का ड्राफ्ट जारी कर दिया है। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति (एनएसएस) में यूरोप की सांस्कृतिक चुनौतियों और चीन से मिल रही प्रतिस्पर्धा पर सख्त रुख अपनाया गया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगभग एक साल के कार्यकाल के अंतिम चरण में जारी रणनीति में पश्चिमी गोलार्ध और इंडो-पैसिफिक का जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट का स्वरूप बहुत संक्षिप्त (20 पेज) होने के बावजूद इसमें भारत को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ संबंधों पर विशेष जोर दिया गया है।

ड्राफ्ट में अमेरिका को भारत के साथ वाणिज्यिक, रणनीतिक और अन्य द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने की बात कही गई है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि भारत के साथ मजबूत सहयोग से न केवल हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि भारत को क्वाड (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। ड्राफ्ट की दिलचस्प बात यह है कि एक तो ट्रंप प्रशासन इसमें रूस के साथ कदम-ताल करते दिख रहा है और दूसरा सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट से पाकिस्तान को लगभग गायब कर दिया गया है। यह पाकिस्तान के लिए बड़ा झटका है खासतौर से फील्ड मार्शल असीम मुनीर के लिए।राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अमेरिका की कार्यकारी शाखा द्वार समय-समय पर तैयार किया जाने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है जिसमें देश की सुरक्षा संबंधी चिंताओं और प्रशासन द्वारा उनसे निपटने की योजनाओं का विवरण दिया जाता है।

गोल्डवाटर-निकोलस अधिनियम के आधार पर निर्मित सुरक्षा रणनीति का कार्यन्वयन राष्ट्रीय सैन्य रणनीति जैसे सहायक दस्तावेज में दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाता है। साल 2017 में जब डोनाल्ड ट्रंप पहली बार व्हाइट हाउस में आए उस वक्त उन्होंने अपने पूर्ववर्ती शासनाध्यक्षों द्वारा निर्मित विदेश नीति के सिद्धांतों से अलग दृष्टिकोण प्रस्तुत किया था। नई सुरक्षा रणनीति में वह एक कदम ओर आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं। 2025 की रणनीति में मुख्य फोकस अमेरिकी पहचान तथा संस्कृति को स्थापित करने के लिए मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) के आदर्श पर रखा गया है। अमेरिका ने हाल के वर्षों में असाधारण प्रगति हासिल की है और आने वाले समय में वह अपनी राष्ट्रीय-शक्ति के सभी पहलुओं को और सुदृढ करेगा। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि नई रणनीति सुनिश्चित करेगी कि अमेरिका विश्व इतिहास का सबसे महान और सबसे सफल राष्ट्र रहे। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि नई सुरक्षा रणनीति का दस्तावेज 'अमेरिका फर्स्ट' की भावना से भरा हुआ हैं। लेकिन अहम सवाल यह है कि न्यू सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत के उल्लेख का निहितार्थ क्या है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रणनीतिक जरूरतों को छोड़ कर शेष वैश्विक संदर्भ में अमेरिका भारत को किस नजरिए देखता है, खासकर पाकिस्तान और भारत-रूस मैत्री संबंधों के संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। दरअसल जिस तरह से ट्रंप ने सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में यूरोप के प्रति खीज का प्रदर्शन किया है और भारत को 'जरूरत के साथी' के तौर पर दिखाया है, उससे साफ है कि पूरा दस्तावेज भ्रम और उलझन का गड़बड़ झाला बन गया है। दस्तावेज कुछ



निश्चित और कुछ अनिश्चित तत्वों की ओर भी संकेत कर रहा है। जहां तक अनिश्चितंता का सवाल है तो यह उनकी स्वभावगत विशेषता है और इसकी नींव ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले ही दिन रख दी गई थी। ग्यारह माह की अपनी राजनीतिक यात्रा में वह इससे इंच भी इधर-उधर नहीं हुए। हां, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत को महत्पूर्ण रणनीतिक साझेदार मानना उनके प्रशासन में कुछ हद तक निश्चिता का संकेत है।

सुरक्षा रणनीति किसी देश या संगठन के राष्ट्रीय हितों की रक्षा, खतरों का सामना करने और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली एक व्यापक योजना होती है। चूंकी सुरक्षा रणनीति में चीन को अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। इसलिए सिक्योरिटी डॉक्यूमेंट में भारत-अमेरिका सहयोग को प्रमुख क्षेत्र बताया गया है। अमेरिका मानता है कि तकनीक के मोर्चे पर भारत के साथ जुड़ाव क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। यह सहयोग न केवल आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा बल्कि भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भी मददगार होगा। इसके अलावा साउथ चाइना सी (दक्षिण चीन सागर) में चीन द्वारा उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के साथ तालमेल को महत्वपूर्ण बताया गया है। नई सुरक्षा रणनीति के दस्तावेज में इस बात का दावा भी किया गया है कि अमेरिका एक स्वतंत्र और संप्रभु गणराज्य रहेगा। अमेरिका का दायित्व अपने नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा करना है। इसमें मजबूत सीमाएं, आव्रजन पर नियंत्रण और देशों के बीच सहयोग से अवैध जनसंख्या प्रवाह रोकने की बात शामिल है। समुद्री मार्गों के स्वतंत्र परिचालन के मामले में भारत और अमेरिका का समान दृष्टिकोण रहा है।

दोनों देश एक मुक्त एवं खुले और नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के लिए समृद्ध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की वकालत करते है। कोई दो राय नहीं कि इंडो-पैसिफिक दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी और लगभग आधी जीडीपी का स्रोत होने के कारण वैश्विक रणनीति, आर्थिक शक्ति-संतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा को अहम घटक बन चुका है। चीन इस क्षेत्र में प्रमुख शक्ति के रूप में उभर रहा है। सैन्य शक्ति और आर्थिक बल के जरिए चीन इसकी क्षेत्रीय व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। इंडो-पैसिफिक में चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत को एक जरूरी पक्षकार मानता है। हो सकता है यह चीन के बढ़ते प्रभाव को संतुलित करने की अमेरिकी रणनीति का हिस्सा हो, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका की सुरक्षा रणनीति में भारत के साथ के लिए लालायित दिखने की अमेरिकी इच्छा भारत की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को तो मजबूत बनाती ही है। दूसरी ओर, सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली से साफ है कि अमेरिका की प्राथमिकताएं बदल गई हैं। अब ट्रंप प्रशासन भारत को अहम रणनीतिक सहयोगी के तौर पर साथ लेकर चलने के बजाए उसे केवल लेन-देन वाले राष्ट्र के तौर पर देखने लगा है। कहना गलत नहीं होगा कि सिक्योरटी ड्राफ्ट की शब्दावली में अमेरिकी आदर्शवाद को रेखांकित करने के लिए सुंदर शब्दों का तो भरपूर इस्तेमाल किया गया है लेकिन यह यथार्थ के कितने करीब है, इसका उत्तर भविष्य के गर्भ में है।

ऐसे में आशंका इस बात की है कि भारत के साथ बात कर ट्रंप प्रशासन कहीं अपने राष्ट्रीय हितों को साधने की कोशिश तो नहीं कर रहा है। अगर ऐसा है तो यह देखना भी काफी दिलचस्प होगा कि भारत का मौजूदा नेतृत्व डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक समीकरणों को साधकर भारत-अमेरिकी संबंधों को पुनः बाइडेन युग की ओर लौटा पाने में कितना सफल रहता है।

( लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

सुनील कुमार महला




# सतत विकास : समृद्धि और संरक्षण का साझा मार्ग !

अरावली पहाड़ियों की जिस परिभाषा को पहले सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया था, उसी पर अब रोक लगाकर नई उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश देना स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में, यह संकेत देता है कि पहले की रिपोर्ट को लेकर जो आम लोगों द्वारा जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे निराधार नहीं थीं। अरावली को केवल पहाड़ियों की एक भौगोलिक शृंखला मानना भूल होगी, क्योंकि यह उत्तर भारत के उपजाऊ मैदानों को मरुस्थलीकरण से बचाने वाली एक जीवन रेखा है। सरकारी समिति की सिफारिश पर तय की गई परिभाषा से यह आशंका पैदा हुई थी कि अरावली का बड़ा हिस्सा संरक्षण से बाहर हो सकता है, जिससे खनन और निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता। केवल यह कह देने से कि रिपोर्ट को गलत समझा जा रहा है, आम लोगों की चिंताएं दूर नहीं होतीं। आज जब देश गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब नीति निर्धारण में स्पष्टता, पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेना यह दर्शाता है कि उसने जनहित और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी चिंताओं को गंभीरता से समझा है। जानकारी के अनुसार अब विशेषज्ञों की समिति अलग-अलग समय की जानकारियों का अध्ययन करेगी। यानी पुरानी तस्वीरें, पुराने नक्शे और सैटेलाइट से ली गई तस्वीरों की आपसी तुलना की जाएगी। इससे यह साफ होगा कि पिछले कुछ दशकों में अरावली पहाड़ियों में क्या-क्या बदलाव हुए हैं। उम्मीद है कि इस जांच से यह सच्चाई सामने आएगी कि अवैध खनन, बिना योजना के निर्माण और पेड़ों की कटाई ने इस बहुमूल्य प्राकृतिक धरोहर को कितना नुकसान पहुंचाया है। विवाद केवल 100 मीटर ऊंचाई तय करने को लेकर नहीं है। असल बात यह है कि पर्यावरण में छोटी-सी बात भी बहुत असर डालती है। किसी पहाड़ी को उसके आसपास के जंगल, पानी, मिट्टी और जीव-जंतुओं से अलग करके नहीं समझा जा सकता। अरावली को लेकर आम लोगों की कड़ी प्रतिक्रिया इसलिए आई, क्योंकि अब वहां पर्यावरण का बिगड़ना साफ दिखाई देने लगा है और उसका नुकसान सीधे लोगों को महसूस हो रहा है। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2025 में देश के पहाड़ी राज्यों में आई विनाशकारी आपदाएं, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे महानगरों में लगातार जहरीली होती हवा कोई अचानक घटित घटनाएं नहीं हैं, बल्कि यह वर्षों से पर्यावरण के प्रति बरती गई लापरवाही और अदूरदर्शी नीतियों का सीधा परिणाम हैं।

वास्तव में यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि इतनी गंभीर चेतावनियों के बाद भी शासन और समाज के स्तर पर पर्यावरण को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देता। एक ओर अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर जनआंदोलन और विरोध-प्रदर्शन हो रहे थे, वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में हजारों एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जों का मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें राज्य में बड़े पैमाने पर वन भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि राज्य सरकार वन भूमि की रक्षा करने में गंभीरता नहीं दिखा रही है। कोर्ट के समक्ष आए तथ्यों के अनुसार हजारों हेक्टेयर वन क्षेत्र पर अवैध निर्माण और कब्जे हो चुके हैं, जो पर्यावरण, जैव विविधता और हिमालयी पारिस्थितिकी के लिए गंभीर खतरा हैं। अदालत ने राज्य सरकार को अतिक्रमण हटाने, नई गतिविधियों पर रोक लगाने और विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और मामले की आगे भी निगरानी की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली से जुड़े मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर वास्तव में यह साफ व स्पष्ट संकेत दिया है कि इस विषय में गहन तथ्यान्वेषण जरूरी है। वहीं पर सरकार ने भी पूर्व आदेश की कमियों को स्वीकार किया है। केंद्र सरकार की ओर से यह सहमति जताई गई है कि अब अरावली क्षेत्र में खनन या नियमों में कोई भी बदलाव सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति से ही होगा। यहां तक कि यह भी माना गया है कि नवंबर के फैसले को लेकर कई गलतफहमियां थीं। माननीय न्यायालय का उद्देश्य विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना है। यह बात ठीक है कि आज के समय में खनन को पूरी तरह रोकना संभव नहीं है, फिर भी यह सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी और आवश्यक है कि इससे प्रकृति और मानव जीवन को खतरा न हो। अंततः, अरावली की रक्षा केवल न्यायालय या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि आम नागरिकों की सतर्कता भी उतनी ही आवश्यक है, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की अनियंत्रित लूट को रोका जा सके।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित

दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का ह्रदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर ह्रदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## कभी भी अपने धन और पद का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिव जी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेश जी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिव जी गणेश जी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेश जी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेश जी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और गणेश जी को खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश जी लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेश जी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश जी को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिव जी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश जी भी शिव जी के पास पहुंच गए। शिव जी ने देवी पार्वती से गणेश जी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वती जी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेश जी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिव जी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

## रोशनी से सजा 'रेन ट्री'



**कोच्चि।** केरल के कोच्चि में वेली ग्राउंड में क्रिसमस फेस्टिवल सेलिब्रेशन के दौरान 80 फीट ऊंचे 200 साल पुराने रेन ट्री को रोशनी और सजावट से सजाया गया, जिसे देखने के लिए लोग इकट्ठा हुए।

## आज की पाती

### अदालत का सही फैसला


भारत में आस्था अक्सर तर्क से बड़ी हो जाती है। यही कारण है कि यहां मंदिर के बाहर घंटियों की आवाज से ज्यादा तेज कभी-कभी सांसों की घुटन होती है, लेकिन हम सुनना नहीं चाहते। मुंबई की एक अदालत का हालिया फैसला, जिसमें सार्वजनिक स्थान पर कबूतरों को दाना डालने पर 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, इसी टकराव की एक स्पष्ट और साहसी मिसाल है। यह फैसला कबूतरों के खिलाफ नहीं, बल्कि उस मानसिकता के खिलाफ है जो भावुकता के नाम पर विज्ञान, कानून और सार्वजनिक स्वास्थ्य को कुचल देती है। हमारे समाज में कबूतरों को दाना डालना पुण्य माना जाता है। लेकिन कबूतर बीमारियां भी फैलाते हैं, इस दृष्टि से यह फैसला सही लगता है।

*– विवेक शर्मा, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# चीन की सेना का ताइवान के पास सैन्य अभ्यास जारी


चीन की सेना ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास किया। बीजिंग ने इसे अलगाववादी और 'बाहरी हस्तक्षेप' वाली ताकतों के खिलाफ 'कड़ी चेतावनी' बताया वहीं ताइवान ने कहा कि उसने अपनी सेना को अलर्ट पर रखा है। ताइवान ने चीन की सरकार को 'शांति का सबसे बड़ा दुश्मन' करार दिया। दो दिनों तक जारी रहने वाले इन सैन्य अभ्यासों को 'जस्टिस मिशन 2025' नाम दिया गया है। चीन के ये अभ्यास ताइवान को संभावित रूप से अब तक की सबसे बड़ी अमेरिकी हथियार बिक्री पर आक्रोश व्यक्त करने और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान के बाद किए जा रहे हैं कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ कार्रवाई करता है तो उनकी सेना हस्तक्षेप कर सकती है। चीन का कहना है कि ताइवान को उसके शासन के अधीन आना होगा। चीन की सेना ने सोमवार को अपने बयान में अमेरिका और जापान का नाम नहीं लिया, लेकिन विदेश मंत्रालय ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी पर अमेरिका से समर्थन मांगकर स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। मंगलवार सुबह, आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एक सरकारी प्रवक्ता के हवाले से कहा कि इस दिशा में किए गए किसी भी प्रयास का 'निष्फल होना तय है'।



## ऑफ बीट

# रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया ( रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।



## ट्रेंड

### सुधारों की रफ्तार



भारत ने सुधारों की रफ्तार पकड़ ली है! 2025 में विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व सुधार हुए हैं, जिन्होंने हमारी विकास यात्रा को गति प्रदान की है। ये सुधार एक विकसित भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को भी बल देंगे।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मूल भावना के विपरीत



यह आश्चर्य है कि पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया और उसके एजेंडे में संसद द्वारा पारित 'विकसित भारत-जी राम जी' कानून के खिलाफ प्रस्ताव पारित करने की बात शामिल है। संसद में बने कानून के खिलाफ विस में प्रस्ताव पारित करना संसदीय मूल भावना के विपरीत है।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री


### गरीब परिवारों को फ्लैट



हमारी सरकार 2026 में 6000 से ज्यादा गरीब परिवारों को दिल्ली में अपना फ्लैट देने जा रही है। पहले चरण में सावदा घेवरा में बिजली, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ 2,500 गरीब परिवारों को फ्लैट की चाबी सौंपी जाएगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली

### हार्दिक संवेदनाएं



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ। उनके परिवार, समर्थकों और बांग्लादेश की जनता के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)

पिन कोड-482002

ई-मेल : edit@haribhoomi.com

वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तुलनात्मक अध्ययन में सराहनीय रही जबलपुर पुलिस की वार्षिक कार्रवाई

## सघन पेट्रोलिंग, तकनीकी विवेचना और त्वरित निर्णयों से अपराधों पर प्रभावी अंकुश

शुभम शुक्ला

**हरिभूमि,जबलपुर।** वर्ष 2025 जबलपुर पुलिस के लिए उपलब्धियों, चुनौतियों और निरंतर सक्रियता का वर्ष रहा। जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनाई गई सघन पेट्रोलिंग, आधुनिक तकनीक आधारित विवेचना, त्वरित कार्रवाई और प्रतिबंधात्मक कदमों का सीधा असर अपराध के आंकड़ों में देखने को मिला। 1 जनवरी 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक के तुलनात्मक अध्ययन में स्पष्ट हुआ कि लूट, वाहन चोरी, गृहभेदन जैसे अपराधों में न केवल खुलासे बढ़े, बल्कि कई मामलों में 70 से 100 प्रतिशत तक संपत्ति बरामद की गई। यह उपलब्धि पुलिस की रणनीतिक कार्यशैली और टीमवर्क को दर्शाती है। हालांकि वर्ष भर में समाज को झकझोर देने वाली कुछ घटनाएं भी सामने आईं, जहां अपनों ने अपनों का खून बहाया और रिश्तों को शर्मसार करने वाली दरिंदगी उजागर हुई। इसके बावजूद पुलिस ने संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्रवाई कर कानून का संदेश स्पष्ट रखा। वहीं यातायात पुलिस और थाना स्तर की संयुक्त पहल से सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई, जो आमजन की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा सकारात्मक संकेत है।




### लूट के मामलों में प्रभावी कार्रवाई, उल्लेखनीय बरामदगी

जिले में वर्ष 2025 के दौरान कुल 32 लूट की घटनाएं दर्ज की गईं। इन मामलों में पुलिस की सतर्क विवेचना, तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग और लगातार दबिशों का असर साफ दिखाई दिया। अधिकांश मामलों का सफल खुलासा करते हुए पुलिस ने लाखों रुपये की लूटी गई संपत्ति बरामद की। अपराधियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार करना और पीड़ितों को राहत पहुंचाना पुलिस की प्राथमिकता रही, जिससे आमजन में भरोसा और अपराधियों में भय का माहौल बना।

### जुआरियों, सटोरियों और तस्करों पर सख्त शिकंजा

अपराध के संगठित नेटवर्क पर चोट करने के लिए जबलपुर पुलिस ने वर्ष भर अभियानात्मक कार्रवाई की। 1 जनवरी से 15 दिसंबर 2025 के बीच आबकारी एक्ट के तहत 6261 प्रकरण, जुआ एक्ट में 647 प्रकरण,सट्टा एक्ट में 1064 प्रकरण, एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत 117 प्रकरण दर्ज किए गए। इन कार्रवाइयों से न केवल अवैध कारोबार पर अंकुश लगा, बल्कि संगठित अपराध के नेटवर्क भी कमजोर पड़े। पुलिस की इस मुहिम को समाज के विभिन्न वर्गों से सराहना मिली।

### गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई, एनएसए और जिलाबदर

अपराधियों पर नकेल कसने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी पूरे वर्ष जारी रही। जिले में 17 बदमाशों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया, जबकि 295 गुंडे-बदमाशों को जिलाबदर किया गया। इसके अतिरिक्त धारा 122 के तहत 287 प्रकरण दर्ज किए गए। इन कदमों से असामाजिक तत्वों में भय और आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ।

### ऑपरेशन मुस्कान- संवेदनशीलता और तत्परता का उदाहरण

वर्ष 2025 में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नाबालिगों के गुमशुदगी के 576 प्रकरण दर्ज हुए। पुलिस ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष अभियान चलाया। इसके परिणामस्वरूप 448 बालिकाएं और 126 बालकों को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह अभियान पुलिस की मानवीय और संवेदनशील छवि को मजबूत करने वाला साबित हुआ और समाज में सकारात्मक संदेश गया।

### गुम वाहन और मोबाइल बरामद, लोगों के चेहरे खिले

वाहन और मोबाइल चोरी के मामलों में भी पुलिस की सक्रियता सराहनीय रही। कई थाना क्षेत्रों में 75 से 100 प्रतिशत तक वाहन बरामदगी दर्ज की गई। पूरे वर्ष में पुलिस ने 376 मोबाइल फोन, 337 दोपहिया वाहन, सात चारपहिया वाहन, तीन ई-रिक्शा, एक ट्रैक्टर, एक लोडिंग वाहन बरामद किए। अपने खोए वाहन और मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरों पर खुशी लौट आई, जिससे पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ।

### अवैध शराब कारोबारियों पर चला अभियान

अवैध शराब तस्करी के खिलाफ जबलपुर पुलिस ने पूरे वर्ष सख्त रुख अपनाए रखा। जिले में 6381 प्रकरण दर्ज कर 1 करोड़ 7 लाख 92 हजार रुपये की अवैध शराब जब्त की गई। सटीक विवेचना और मजबूत केस डायरी के दम पर पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबार पर बड़ा प्रहार हुआ।

### हर्ष फायरिंग और आर्म्स एक्ट पर सख्ती

शादी, जन्मदिन और आयोजनों में होने वाली हर्ष फायरिंग पर भी पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया। वर्ष 2025 में आर्म्स एक्ट के तहत कुल 909 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें से 107 मामले हर्ष फायरिंग के थे। इस दौरान 79 पिस्टल, 20 कट्टे, 126 कारतूस, 4 रिवाल्वर और 3 बंदूकें जब्त की गईं। इस सख्ती से सार्वजनिक आयोजनों में अनुशासन और सुरक्षा का संदेश गया।

### जनसुनवाई और कॉम्बिंग गश्त से बढ़ा जनविश्वास

डीजीपी के निर्देश पर प्रदेशभर में शुरू की गई जनसुनवाई और नाइट कॉम्बिंग गश्त में जबलपुर पुलिस ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने स्वयं अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इससे पुलिस-जनता के बीच संवाद मजबूत हुआ और शिकायतों के समाधान में तेजी आई।

### यातायात व्यवस्था में सुधार, दुर्घटनाओं में कमी

यातायात पुलिस और थानों की संयुक्त कार्रवाई से सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। सख्त चेकिंग, जागरूकता अभियान और नियमों के पालन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई। यह पहल आमजन की जान-माल की सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

### चोर चुस्त, पुलिस सतर्क

जहां पुलिस ने मुखबिर तंत्र और गश्त को मजबूत किया, वहीं चोर भी सक्रिय रहे। मकानों, दुकानों और वाहनों में चोरी की घटनाएं सामने आईं। हालांकि कई मामलों का खुलासा हुआ, फिर भी पुलिस ने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए निगरानी और विवेचना को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए।

### चाकूबाजों पर कसी प्रभावी लगाम

शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं पर रोक लगाने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने सख्त नीति अपनाई। नवंबर के बाद चाकूबाजी की घटनाओं में हत्या के प्रयास की धाराएं जोड़ने से ऐसे मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।

### पुलिस कप्तान का संदेश

अपराधों की रोकथाम और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पूरे वर्ष निरंतर कार्रवाई की गई। चाकूबाजों, रेत माफिया, जुआरियों और सटोरियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। जबलपुर पुलिस जनता की सुरक्षा और विश्वास बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर है।

*-संपत उपाध्याय,* पुलिस कप्तान जबलपुर

---

*ग्राम पंचायतो में बिना अनुमति काट रहें थे प्लाट*

## सात अवैध कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि, जबलपुर।

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले के ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का निर्माण कर आम नागरिकों से धोखाधड़ी करने वाले सात कॉलोनाइजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। कलेक्टर के आदेश पर इन अवैध कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध एफआईआर सबंधित क्षेत्र के तहसीलदारों द्वारा दर्ज कराई जायेगी।

अवैध कॉलोनी के निर्माण करने वाले जिन कॉलोनाइजर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं उनमें, पनागर तहसील के ग्राम झुरझुरु निवासी गौरव शर्मा, खेरमाई मंदिर के पास पनागर निवासी आशीष कुमार पटेल, दारुल उलूम मस्जिद के बगल में मदार टेकरी जबलपुर निवासी मोहम्मद जिया उल हक, पूर्वी निवाड़गंज निवासी संतोष गुप्ता, बस स्टैंड मुख्य मार्ग कुंडम निवासी राजकुमार साहू, बाईपास रोड खिरियाकला निवासी फूल सिंह एवं बाईपास रोड खिरिया कला निवासी कुंवर लाल पटेल शामिल है।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल शाखा के प्रभारी अधिकारी डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरव शर्मा द्वारा अवैध कॉलोनी का निर्माण कर 27 भूखंड का विक्रय किया गया है। इसी प्रकार आशीष कुमार पटेल ने पिपरिया बनियखेड़ा में 66 भूखंडों का, मोहम्मद जिया उल हक द्वारा ग्राम खजरी में 30 भूखंडों का, संतोष गुप्ता द्वारा पनागर में 17 भूखंडों का, राजकुमार साहू द्वारा कुंडम में 26 भूखंडों का, फूल सिंह द्वारा पिपरिया बनियखेड़ा में 80 भूखंडों का तथा कुँवरलाल पटेल द्वारा पिपरिया बनियाखेड़ा में अवैध कॉलोनी का निर्माण कर 82 भूखंडों का विक्रय किया जा चुका है। डिप्टी कलेक्टर श्री मरावी ने बताया कि सातों अवैध कॉलोनाइजर्स के खिलाफ कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण दर्ज थे। अवैध कॉलोनी का निर्माण करने का दोषी इन सातों कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम तथा मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

डिप्टी कलेक्टर श्री मरावी के मुताबिक जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 98 अवैध कोलनियों को चिन्हित किया गया है। इनमें से तीन के विरुद्ध पूर्व में ही एफआईआर दर्ज करने के आदेश कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित किये जा चुके हैं तथा आज सात और कॉलोनाइजर्स के विरुद्ध अवैध कॉलोनी के निर्माण करने पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश पारित हुये हैं।

### *आज 14 स्थानों पर लगेंगे उद्यम संस्कार शिविर*

**जबलपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में उद्यमिता का विकास करने तथा स्वरोजगार की योजनाओं से जोड़कर उन्हें स्वयं की इकाई स्थापित करने के लिये प्रेरित करने की नवाचारी पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा आज बुधवार 31 दिसम्बर को जिले के प्रत्येक विकासखण्ड के दो-दो क्लस्टरों में उद्यम संस्कार शिविरों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की पहल पर आयोजित किये जा रहे उद्यम संस्कार शिविरों में युवाओं को विशेषज्ञों द्वारा बाजार में उपलब्ध संभावनाओं के अनुसार इकाइयों का चयन तथा उत्पादों मार्केटिंग पर मार्गदर्शन दिया जायेगा। ज्ञात हो कि उद्यम संस्कार शिविरों के आयोजन की शुरूआत बुधवार 24 दिसम्बर को जिले के प्रत्येक विकासखंड के दो-दो कलस्टरों से की गई थी।

## टाल संचालकों पर लगाया 14 हजार का जुर्माना

**जबलपुर।** नगर निगम की टीम ने संभाग क्रमांक 10 रांझी के अंतर्गत आने वाले लकड़ी के टालों पर सघन कार्यवाही की। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण कर लकड़ी रखने और आसपास गंदगी फैलाने वाले 6 टाल संचालकों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करते हुए 14 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही के दौरान टीम ने पाया कि कई टाल संचालकों ने मुख्य सड़क तक अपनी लकड़ियाँ फैला रखी थीं, जिससे न केवल यातायात बाधित हो रहा था बल्कि क्षेत्र में गंदगी भी फैल रही थी। निगम की टीम ने टाल संचालकों क्रमशः करण थापा, कमलजीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, मोर सिंह बाटला, राजीव कपूर, महेन्द्र यादव पर कार्यवाही की।



### लाइसेंस दिखाने के लिए मिला 1 सप्ताह का समय

जुर्माने के साथ-साथ निगम अधिकारियों ने टाल संचालकों से उनके वैध संचालन लाइसेंस और अनुमति पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस पर संचालकों ने दस्तावेजों की व्यवस्था के लिए निगम से एक सप्ताह का समय माँगा है। संबंधितों को कड़े शब्दों में नोटिस भी जारी किए गए हैं। कार्यवाही के दौरान संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा, राजस्व निरीक्षक हरनारायण पटैल, अतिक्रमण दल प्रभारी दुर्गा राव आदि उपस्थित रहे।

## रामायण कॉन्फ्रेंस में रामचंद्र पथ गमन न्यास की पेंटिंग्स बनीं आकर्षण का केंद्र

**जबलपुर।** मानस भवन में 28 दिसंबर से आयोजित चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस के प्रथम चरण में रामायण पर आधारित कला प्रदर्शनी दर्शकों को खूब भा रही है। प्रदर्शनी में भोपाल स्थित श्री रामचंद्र पथ गमन न्यास की 40 विशिष्ट पेंटिंग्स मुख्य आकर्षण का केंद्र बनीं। इन पेंटिंग्स में रामायण को केवल धार्मिक कथा के रूप में नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम की अयोध्या से लंका तक की यात्रा, भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से प्रस्तुत किया गया है। चित्रों में विभिन्न क्षेत्रों की लोक संस्कृति, जनजीवन और भक्ति भाव का सुंदर समावेश है। प्रदर्शनी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, कला प्रेमी और शोधार्थी पहुंचकर पेंटिंग्स की कलात्मकता और प्रस्तुति की सराहना कर रहे हैं।



### शहरी-ग्रामीण समस्याओं की उठी आवाज, जनसुनवाई में आए 89 आवेदन

**जबलपुर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 89 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें 71 नए आवेदन थे, जबकि 18 आवेदन ऐसे थे जो पूर्व में भी जनसुनवाई में दिए जा चुके थे। जनसुनवाई में आए अधिकांश आवेदन पात्रता पर्ची, बीपीएल कार्ड बनवाने, अवैध कब्जा, नाली सफाई, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई-झगड़ा, मजदूरी भुगतान, परिवार सहायता तथा इलाज के लिए आर्थिक सहायता जैसी समस्याओं से संबंधित रहे। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड, संबंधित एसडीएम एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही कई मामलों में आवश्यक जानकारी लेकर समाधान की प्रक्रिया शुरू की।

### जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक

## बच्चों की सुरक्षा और पुनर्वास पर जोर

**जबलपुर।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत ने की। बैठक में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के अध्यक्ष, सदस्य तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ श्री गहलोत ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि पश्चातवर्ती गृह में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को प्राइवेट संस्थाओं के सहयोग से रोजगार से जोड़ा जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने मिशन वात्सल्य के तहत गैर संस्थागत देखभाल में दिए गए बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित फॉलोअप अनिवार्य रूप से संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से कराने के निर्देश दिए। सीईओ श्री गहलोत ने बाल देखरेख संस्थाओं में निवासरत बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, खाद्यान्न पर्ची एवं समग्र आईडी जैसे आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि यदि किसी कारणवश आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज नहीं बन पाए हों, तो ऐसी स्थिति में बच्चों को शाला में अस्थायी रूप से शिक्षा दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान को निरंतर और गंभीरता से चलाने, सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। सीईओ श्री गहलोत ने शासकीय सम्प्रेक्षण गृह में होमगार्ड सैनिकों की व्यवस्था करने, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत बच्चों से नियमित संवाद बनाए रखने तथा पॉक्सो एक्ट, फास्टर केयर योजना और दत्तक ग्रहण जैसी योजनाओं का नियमित प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि नाबालिक बच्चों को रखने वाली सभी संस्थाएं बच्चों की समुचित सुरक्षा के साथ निर्धारित आवश्यक मापदंडों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बाल संरक्षण से जुड़ी सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

### बिजली कंपनियों के एआरआर से खुलासा हुआ

## *फ्री स्मार्ट मीटर का दावा झूठा निकला*

**जबलपुर।** ऊर्जा मंत्री पी.एस. तोमर ने बारम्बार दावा किया था कि स्मार्ट मीटरों की कीमत तथा अन्य खर्च उपभोक्ताओं से वसूली नहीं जायेगा, तथा ₹फ्री स्मार्ट मीटर₹ परिसरों में लगाया जायेगा। किन्तु उनका यह दावा अब झूठा निकला है। बिजली कंपनियों के एआरआर से स्पष्ट हो गया है कि स्मार्ट मीटर अब ₹फ्री₹ नहीं है, उनके रख-रखाव के नाम से बिजली के रेट में बढोत्तरी कर उपभोक्ताओं से वसूली की जायेगी। बिजली कंपनियों द्वारा नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के वार्षिक आवश्यकता रिपोर्ट में उपभोक्ताओं से वसूले जाने हेतु प्रस्तावित कुल 6044 करोड़ के घाटे में दर्शायी गई 513.63 करोड़ की घाटे की राशि स्मार्ट मीटरों के रख-रखाव तथा अन्य खर्च के नाम से उपभोक्ताओं से वसूली जायेगी। डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि स्मार्ट मीटरों के कारण दर्शाये गये घाटे से बिजली कंपनियों ने लगभग 1 प्रतिशत से बिजली रेट में बढ़ोत्तरी करने को प्रस्तावित किया है, जो कुल प्रस्तावित बढ़ोत्तरी 10.19 प्रतिशत में शामिल है। जन संगठनों ने 29 दिसम्बर को घण्टाघर कॉफी हाउस में बैठक कर ऊर्जा मंत्री को जनता से माफी प्रस्तुत करने तथा स्मार्ट मीटरों पर प्रस्तावित 1 प्रतिशत बिजली रेट में वृद्धि वापस लेने की मांग की। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टी. के. रायघटक, संतोष श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा, के.सी. सोनी, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, डी.आर. लखेरा, व्ही.एन. कमलाकर, कुंवर सिंह, अशोक नामदेव, सुशीला कनौजिया, गीता पांडे, एड. जी. एस. सोनकर, राजेश गिदरौनिया, कैलाश पटेल, जवाहर जायसवाल, शंकर सिंह, राजेश सेंगर, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।



## देवी भागवत कथा का आठवां दिन

# मां लक्ष्मी धन ही नहीं सद्बुद्धि की भी प्रतीक : त्रिपाठी




**सिहोरा।** मां भुवनेश्वरी इस ब्रह्मांड की अधिष्ठात्री देवी हैं जिनकी इच्छा मात्र से सृष्टि का संचालन होता है। वहीं माता महालक्ष्मी के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्मी केवल धन ही नहीं,बल्कि शुद्ध आचरण और सद्बुद्धि की भी प्रतीक हैं। जो भक्त सच्चे मन से भगवती की शरण में जाता है उसे ऐश्वर्य और शांति दोनों प्राप्त होते हैं। उक्ताशय के विचार मां भुवनेश्वरी एंव माता महालक्ष्मी की कथा एंव भगवती के विभिन्न स्वरूपों की महिमा व्यक्त करते हुए शिव मंदिर बाबाताल में चल रही देवी भागवत कथा के आठवें दिन पंडित इन्द्रमणि त्रिपाठी ने व्यासपीठ से व्यक्त किए। उन्होंने भगवान के सगुण रूप विशिष्ट गुणों और आकारों में प्रकट होते हैं। इसमें भगवान के विभिन्न अवतार जैसे कि राम, कृष्ण,शिव और देवी शामिल हैं। सगुण रूप में भगवान के पास विशिष्ट शक्तियां गुण और आकार होते हैंइसी तरह भगवान का निर्गुण रूप वह है जिसमें वे गुणों और आकारों से परे होते हैं। इसमें भगवान को एक अनंत,अपरिमित और अवर्णनीय शक्ति के रूप में माना जाता है। निर्गुण रूप में भगवान के पास कोई विशिष्ट आकार या गुण नहीं होते हैं। सगुण और निर्गुण रूप भगवान के दो अलग-अलग पहलू हैं, और दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। सगुण रूप हमें भगवान की भक्ति और पूजा करने में मदद करता है जबकि निर्गुण रूप हमें उनकी अनंतता और अपरिमितता का अनुभव करने में मदद करता है। उन्होंने कहा ₹जब-जब अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवती विभिन्न अवतार लेकर भक्तों का कल्याण करती हैं।

## खितौला के वार्ड क्रमांक 16.17.18 का मामला

# तीन वार्डों के पार्षद मिलकर भी नहीं खुलवा पा रहे राशन दुकान

सिहोरा।

उपनगरीय क्षेत्र खितौला में केवल दो सरकारी राशन दुकान है और दोनों ही रेलवे फाटक के इस पार बाजार में है एक खितौला के बाजार रोड़ रेलवे फाटक के समीप और दूसरी लखराम मोहल्ला में है जिसके चलते रेलवे फाटक के उस पार मझगवां रोड़ उमरियापान रोड़ स्थित वार्ड 16,17,18 के हजारों लोगों को रेलवे फाटक क्रास कर बाजार रोड़ आना पड़ता है राशन लेकर गरीब जनता को रेलवे फाटक से होकर गुजरते समय फाटक में दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। तीन वार्ड के हजारो लोगो की मांग है की बाजार के अलावा उनके क्षेत्र में भी एक सरकारी राशन दुकान खोली जाए ताकि आमजनता को होने वाली परेशानी से निजात मिल सके।

### चुनावी वादे हुए हवा हवाई

खितौला के तीन वार्ड के हजारों लोग सरकारी राशन लेने रेलवे फाटक क्रास कर बड़ी मुसीबतों का सामना करते हुए आज भी राशन लेने बाजार रोड़ जाने मजबूर हैं।गौरतबल है की सरकारी राशन लेने गरीब तबके के अधिकांश लोग साइकिल से या तो पैदल ही जाते हैं उसमें भी फाटक का जाम ऊपर से सर पर राशन का गठ्ठा लेकर जब रेलवे फाटक क्रॉस करते हैं तो दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है,लोगों की मानें तो सिहोरा में नगर पालिका चुनाव के दौरान खितौला के बार्ड नंबर 18 में कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशीयों ने चुनाव जीतने पर सरकारी राशन दुकान की एक शाखा रेलवे फाटक के उस पार मझगवां रोड़ में खुलवाने के वादे किए थे तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव हार गए भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई थी लेकिन चुनाव जीतने के दो साल बाद भी नेताजी जनता से किया हुआ वादा पूरा नहीं कर पाये तो वहीं सूत्रों की मानें तो खितौला उपनगर में केवल दो सरकारी राशन दुकानें है इन दोनों दुकानों में विगत 20 वर्षों से एक ही परिवार का कब्जा बना हुआ है।

### जनता का यह दर्द कब सुनेंगें सरकार

सरकारी राशन दुकान की दूसरी शाखा जो की फाटक के मझगवां रोड़ में खुलनी अनिवार्य होने के बाद भी आज तक नहीं खुल सकी जिसके चलते खितौला के वार्ड नंबर 16,17 और 18 की जनता को फाटक क्रास करके राशन लेने महिला बृद्ध सहित हजारों लोग बाजार रोड़ स्थित सरकारी राशन दुकान जाने मजबूर है।

### इनका कहना है

भाजपा पार्षद ने सरकारी राशन दुकान को फाटक के उस पार खुलवाने के चुनावी वादे पर बताया की हमने चुनाव जीतने के बाद 2 साल पूर्व ही राशन दुकान की एक शाखा फाटक के इस पार खुलवाने को लेकर सिहोरा एसडीएम को लिखित ज्ञापन सौपा था हालाकि सरकारी दुकान अभी तक हमारे क्षेत्र में नहीं खोली गई इसके साथ ही हम तीनों पार्षद चाहते हैं की हमारे क्षेत्र में भी सरकारी राशन दुकान की एक शाखा खुले ताकि वार्ड नंबर 16,17और 18 वार्ड के हजारों लोगो को लाभ मिल सके लेकिन हमारी मांग आज तक नहीं मानी गई है,

**शारदा बर्मन**
**पार्षद वार्ड नंबर 18**

# जमीन विवाद में धोखाधड़ी व धमकियों का आरोप, पीड़ित ने प्रशासन से लगाई गुहार



**पनागर।** पनागर क्षेत्र के कारीवाह निवासी भूरेलाल पटेल ने जमीन विवाद को लेकर कुछ लोगों पर धोखाधड़ी, फर्जी रजिस्ट्री और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से लेकर मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री तक शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। भूरेलाल पटेल के अनुसार, उनकी भूमि मौजा कारीवाह, हल्का नंबर 21, रानिम पनागर स्थित खसरा नंबर 464, रकबा 0.72 हेक्टेयर है, जो बैंक में बंधक है और जिस पर न्यायालय में द्वितीय अपील क्रमांक 110/2024 लंबित है। आरोप है कि कुछ दबंग व्यक्तियों ने कथित रूप से फर्जी तरीके से उक्त भूमि की रजिस्ट्री अपने नाम करा ली और बैंक अधिकारियों से सांठगांठ कर भूमि को बंधन मुक्त भी करा लिया। पीड़ित का कहना है कि भूमि को अवैध रूप से बेचने की कोशिश की जा रही है। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो उन्हें धमकाया गया और मारपीट की गई, जिसकी शिकायत 6 दिसंबर को पनागर थाने में की गई थी। भूरेलाल पटेल ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के चलते उन्हें अपनी जान का खतरा महसूस हो रहा है।

# भावी सैन्य अधिकारियों ने जबलपुर के प्रमुख सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों का किया भ्रमण



**जबलपुर।** भावी सैन्य अधिकारियों को भारतीय सेना की विभिन्न रेजिमेंटों की परंपराओं, परिचालन क्षमताओं और संगठनात्मक कार्यप्रणाली से परिचित कराने के उद्देश्य से एक बहुदिनी शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत जबलपुर स्थित कई प्रमुख सैन्य एवं प्रशिक्षण संस्थानों का दौरा किया।

भ्रमण के दौरान भावी अधिकारियों ने ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर, जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर, 1 सिग्नल ट्रेनिंग सेंटर, सीओडी, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर तथा मिलिट्री कॉलेज ऑफ मटेरियल मैनेजमेंट का अवलोकन किया। इन दौरों से उन्हें संबंधित इकाइयों की कार्यप्रणाली, इतिहास और प्रशिक्षण पद्धतियों की महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

इस अवसर पर मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें नेतृत्व, अनुशासन और समकालीन सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा हुई। भ्रमण का समापन लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत के प्रेरणादायक संबोधन के साथ हुआ। इस दौरान भावी सैन्य अधिकारियों एवं उनके प्रशिक्षकों को मुख्यालय मध्य भारत एरिया की ओर

# रांसको प्रीमियर लीगः आखिरी गेंद पर पावर स्मैशर्स की रोमांचक जीत, वारियर्स व राइडर्स भी विजयी



**जबलपुर।** एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) मुख्यालय जबलपुर में आयोजित ट्रांसको प्रीमियर क्रिकेट लीग 2025-26 के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पांडूताल मैदान में खेले गए मैचों में इकबाल खान, मेघा चक्रवर्ती और अमीन का शानदार प्रदर्शन रहा। महिला वर्ग में मेघा चक्रवर्ती की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत पावर स्मैशर्स ने पावर प्रिंसेस को अंतिम गेंद पर 7 विकेट से हराया। पावर प्रिंसेस ने 66 रन बनाए, जवाब में मेघा के 38 रनों की मदद से पावर स्मैशर्स ने रोमांचक जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में कप्तान इकबाल खान की आक्रामक बल्लेबाजी से वारियर्स ने सुपर किंग्स को 10 विकेट से हराया। इकबाल खान को मैन ऑफ द मैच चुना गया। अन्य मुकाबले में राइडर्स ने स्टाइकर्स को 45 रन से पराजित किया। अमीन की घातक गेंदबाजी (4 विकेट) और दिपांशु के 3 विकेट की बदौलत स्टाइकर्स की टीम 51 रन पर सिमट गई। अमीन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

# नरसिंहपुर ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई



**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 के क्वार्टर फाइनल में नरसिंहपुर ने सीधी को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीधी ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 169 रन बनाए, जिसमें आशीष मिश्रा (20) और अभिनव (33) ने मिडिल ऑर्डर में अच्छी पारी खेली। जवाबी पारी में नरसिंहपुर ने मोहित की 50 रनों की तेजतर्रार पारी और रितेश के 27 रनों की मदद से मात्र 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मोहित की शानदार पारी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। आज के मैच में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह, राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, रजनीश कुरारिया, मुकेश सेन, सुनील सोनकर (गामा), देवेंद्र दहिया, अभिलाष विश्वकर्मा और गुड्डू जैन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का तीसरा लीग मैच नागौद और जमशेदपुर के बीच 31 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे खेला जाएगा।

## सीएसआई से मारपीट, आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत संभाग क्रमांक 1 गढा में साफ सफाई के दौरान नाश्ता ठेला संचालक अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न करते हुए स्वच्छता निरीक्षक व उनके कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 2 शांति नगर दमोहनाका निवासी 28 वर्षीय नगर पालिका निगम में मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संतोष महोर ने लिखित शिकायत की, कि उसकी ड्यूटी संभाग क्रमांक 1 गढा में है। गत दिवस व्हीआईपी मूवमेंट होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उत्तम सफाई व्यवस्था हेतु आदेशित किया गया था। वह अपनी ड्यूटी हेतु सुपरवाईजर मोजेश, संतोष चौहटेल, मनोज चौधरी, संजीव बम्हनेले के साथ सफाई का निरीक्षक करने के दौरान पाया गया कि मेडिकल कालेज के मुख्य गेट के बाहर ठेले लगाने वालों द्वारा गंदगी की जा रही थी खुले में खाद्य पदार्थ बनाये जा रहे थे, कचरा व गंदा पानी फेंका जा रहा था उक्त व्यवसायियों को सफाई रखने की समझाईश दी जा रही थी, तभी नाश्ता ठेला संचालक मेघ शर्मा बोला कि आप साफ सफाई करवाओ, जिससे कहा कि आप लोग गंदगी कर रहे हो तो मेघ शर्मा गालीगलौज करते हुये अपने साथी विजय गुजराती तथा अन्य के साथ उसके एवं उसके साथियों के साथ गालीगलौज करते हुये स्वच्छता निरीक्षक एवं सुपरवाईजर मोजेस, संतोष चौहटेल, मनोज चौधरी, संजीव बम्हनेले के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करते हुये शासकीय कार्य में अवरोध उत्पन्न किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ लिखित शिकायत पर धारा 132, 121(1), 221, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# अनन्या वंशकार ने बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल जीता



जबलपुर

*42वीं यूथ मेन्स एण्ड 8वीं वूमेन्स राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो की सिवनी में 21/12/2024 को आयोजित की गई । बॉक्सिंग अण्डर-19 में ए.पी.एन. हायर सेकेण्ड्री स्कूल की छात्रा अनन्या वंशकार ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर शाला गौरन्वित किया। छात्रा की इस उपलब्धी पर संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव एवं शाला प्राचार्य अजय कुमार वर्मा सहित मनु श्रीवास्तव, खेल शिक्षिका सिद्दिका उस्मानी सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने*

## जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन

# गाडरवारा ने फाइनल में जबलपुर को हराया



**सिहोरा।** स्टेडियम में आयोजित आठ दिवसीय जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में गाडरवारा की टीम ने जबलपुर को हराकर ट्राफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट के संरक्षक मोनू पुष्पराज बघेल ने बताया फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 113 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी गाडरवारा की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और मात्र 7 ओवरों में ही जीत का लक्ष्य हासिल कर टूर्नामेंट की विजेता बनी।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीम गाडरवाड़ा को एक लाख दस हजार नगद एंव ट्राफी इसी तरह उपविजेता जबलपुर को इक्यावन हजार नगद तथा ट्राफी तथा अन्य खिलाड़ियों और टीमों को भी अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान किए। गोसलपुर स्टेडियम में आयोजित टूर्नामेंट में सांसद आशीष दुबे, विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया, पवन गुप्ता, गोविंद राय, जीवनलाल गुप्ता, सुभाष पटेल की उपस्थित रहे।

## चंद्रयान-3 और एयर कार रहे आकर्षण का केंद्र

# संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर



**सिहोरा।** स्थानीय शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में संकुल प्राचार्य और ए ई ओ जे एल खांडे के दिशा निर्देशन में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती दीप्ति सिंह बैस की उपस्थिति में मंगलवार को संकुल केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच और नवाचार का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत मॉडलों में शासकीय माध्यमिक शाला घुघरा के छात्र आकाश चौधरी और पुष्पराज चौधरी ने अंतरिक्ष विज्ञान पर आधारित चंद्रयान-3 का मॉडल पेश किया इसी तरह शासकीय यशोदा बाई विद्यालय की शबाना आज़मी ने 'एयर कार' और अनन्या बर्मन ने 'वॉटर डिस्पेंसर' के माध्यम से भविष्य की तकनीक को दर्शाया।अनुराधा नामदेव ने 'एकतारा वीणा वहीं काव्या दाहिया और लवकुश गड़ारी ने ज्वालामुखी' का जीवंत मॉडल प्रदर्शित किया। प्रस्तुत मॉडलों में चंद्रयान 3, एयर कार और वॉटर डिस्पेंसर क्रमशः प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान पर रहे।

# नगर निगम जनसुनवाई : 35 आवेदनों पर की गई कार्यवाही

**जबलपुर।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए वहीं 16 संभागों में 35 पत्र प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निराकरण कराया गया और नागरिकों को राहत प्रदान की गयी। जनसुनवाई में अतिक्रमण, भवन और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। जनसुनवाई हॉल में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने प्रातः 11.00 बजे से 0100 बजे तक नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर सुनवाई की गयी और मौके पर ही सबका निराकरण कराया गया। इसी प्रकार संभागीय कार्यालय से भी प्राप्त जानकारी के आधार पर संभाग क्रमांक 1 से 16 तक की जनसुनवाई में 35 प्रकरण प्राप्त हुए। सभी प्रपत्रों पर तत्काल कार्यवाही की जाकर नागरिकों को राहत प्रदान की गयी।

उन्होंने बताया कि मुख्यालय में प्राप्त कुल 25 शिकायतों में सर्वाधिक 7-7 शिकायतें अतिक्रमण और भवन से संबंधित थीं। इसके अलावा, नागरिकों ने 2 पेंशन की, 3 उद्यान की, 1 संपदा शाखा की, 2 जलप्रदाय की, 1 राजस्व की, 1 पुस्तकालय की एवं संभाग क्रमांक 15 की 1 से संबंधित थीं। इसी प्रकार संभागों में भी प्राप्त आवेदनों में से अधिक्तर आवेदन साफ-सफाई, अतिक्रमण, आदि संबंधी प्राप्त हुई जिसका मौके पर ही निराकरण कर नागरिकों को राहत प्रदान करने का कार्य किया गया। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समस्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय प्रमुखों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।




**श्री इंदरपाल सिंह जौली-** हाथीताल कॉलोनी निवासी श्री इंदरपाल सिंह जौली (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री धर्मेंद्र सेन-** फूटाताल निवासी श्री धर्मेंद्र सेन (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजू सिंह गौंड़-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री राजू सिंह गौंड़ (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती टिल्ला बाई आहूजा-** कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री पवन दास आहूजा की धर्मपत्नी श्रीमती टिल्ला बाई आहूजा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती संगीता चौधरी-** छापर रामपुर निवासी श्री विनोद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता चौधरी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छेदी लाल प्रजापति-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री छेदी लाल प्रजापति (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोहन चंद्र जोशी-** धोबीघाट कजरवारा रोड निवासी श्री मोहन चंद्र जोशी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**डॉ. अनीता बब्बर-** सिविल लाइन साईं मंदिर के पास निवासी श्री बीडी बब्बर की धर्मपत्नी डॉ. अनीता बब्बर (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती राधा बैस-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री नृपेंद्र बैस की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बैस (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दुलारी राजपूत-** करियापाथर सेवक की दुकान के पीछे निवासी श्री संतोष सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी राजपूत (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती द्रोपदी बाई जुनगरे-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री पांडुरंग जुनगरे की धर्मपत्नी श्रीमती द्रोपदी बाई जुनगरे (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जतिन्दर सिंह-** मदनमहल गुप्तेश्वर वार्ड निवासी श्री जतिन्दर सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजय कुमार मोधक-** गली नं. 10, सदर निवासी श्री अजय कुमार मोधक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शांतानंद मिश्रा-** गली नं. 3 बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री शांतानंद मिश्रा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ममता बाई-** बाई का बगीचा जनता मार्केट के पीछे घमापुर निवासी श्री पूरन बहादुर सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती ममता बाई (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामकली चौधरी-** वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री गजरूप चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली चौधरी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती फूलमती बर्मन-** गोविंद भवन कॉलोनी के पास सिविल लाइन निवासी श्री राम प्रसाद बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती फूलमती बर्मन (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. प्रीति रैकवार-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री राजेश रैकवार की पुत्री कु. प्रीति रैकवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गुड्डी बाई ठाकुर-** प्रियदर्शनी कॉलोनी डुमना तिराहा निवासी श्री राजू ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई ठाकुर (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती लक्ष्मी बाई बागड़े-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री धनीराम बागड़े की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी बाई बागड़े (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ललित कनौजिया-** हैड पोस्ट आफिस के पास सिविल लाइन निवासी श्री ललित कनौजिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सतीश बंशकार-** प्रेमसागर निवासी श्री किशन बंशकार के पुत्र श्री सतीश बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मोनू झारिया-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री मोहन झारिया के पुत्र श्री मोनू झारिया (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग

सीटीआर से लेकर चीन तक फैला तस्करी का कारोबार, महिला तस्कर को बॉर्डर से किया गिरफ्तार

# बाघों की सुरक्षा में सेंध- मध्य प्रदेश में अब तक 55 मौतें, वर्ष 2010 से लेकर अब तक मौत के मामलों में भी शीर्ष पर पहुंचा टाइगर स्टेट

**इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बाघों की लगातार हो रही मौतों ने वन्यजीव संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ताजा मामला सागर जिले का है, जहां ढाना रेंज के हिलगन गांव के पास जंगल में एक बाघ का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह पिछले 15 दिनों में प्रदेश में बाघ की सातवीं मौत है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व स्थित है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि यह बाघ उसी क्षेत्र से भटककर यहां पहुंचा होगा।

**देश में बाघों की मौत (एनटीसीए के अनुसार)**



| | |
|---|---|
| 2021 | 129 |
| 2022 | 122 |
| 2023 | 182 |
| 2024 | 126 |
| 2025 | 103 |

बाघ की पहचान और मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। विसरा सुरक्षित कर जांच के लिए भेजा गया है। इससे पहले बुधनी मिडघाट रेललाइन पर भी एक बाघ का शव मिलने की घटना सामने आ चुकी है। बीत रहे वर्ष 2025 में प्रदेश में अब तक 55 बाघ की मौत हो चुकी है। इसमें अधिकतर मामले शिकार के हैं। वहीं, जानकारों का कहना है कि टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त मध्य प्रदेश वर्ष 2010 से अब तक शिकार से बाघों की मौत के मामलों में भी शीर्ष पर बना हुआ है। हालांकि मध्य प्रदेश में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में सालों पहले हुए शिकार और तस्करी के मामले में भी वन विभाग ने चीन बॉर्डर के पास से महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। प्रदेश में टाइगर का शिकार करने के बाद खाल और हड्डियों को चीन में बेचा जाता था।

**प्रोजेक्ट टाइगर के बाद सर्वाधिक मौतें**

सागर जिले में बाघ की मौत की घटना ऐसे समय सामने आई है, जब वर्ष 2025 में अब तक मध्य प्रदेश में कुल 55 बाघों की मौत दर्ज की जा चुकी है। यह आंकड़ा प्रोजेक्ट टाइगर की शुरुआत के बाद किसी एक वर्ष में अब तक का सबसे अधिक माना जा रहा है। पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो-2021 में 34, 2022 में 43, 2023 में 45 और 2024 में 46 बाघों की मौत दर्ज की गई थी। बीते छह वर्षों में ही प्रदेश में कुल 269 बाघों की मृत्यु हो चुकी है।

**बाघों की 57 प्रतिशत मौतें अप्राकृतिक**

विशेषज्ञों और आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगभग 57 प्रतिशत बाघों की मौतें अप्राकृतिक कारणों से हुई हैं। इनमें अवैध शिकार, बिजली के करंट से मौत, जहर देना और आपसी संघर्ष जैसे कारण शामिल हैं। कई मामलों में शिकारियों द्वारा बाघों के अंग काटकर ले जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय तस्करी की आशंका और बढ़ जाती है।

**जिम्मेदारी तय होने पर ही रुकेंगी मौतें**

वाइल्डलाइफ एक्टिविस्ट अजय दुबे ने कहा कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व लंबे समय से शिकारियों के निशाने पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 की रिपोर्ट में बाघों की बढ़ती मौतों और शिकार की घटनाओं का उल्लेख किया गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दुबे ने कहा कि जब तक शिकार के मामलों में संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना संभव नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2010 से अब तक मध्य प्रदेश बाघों की अप्राकृतिक मौतों के मामलों में देश में शीर्ष पर रहा है।

## अपना दल (एस) का ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र संपन्न

भोपाल। अपना दल (एस) मध्य प्रदेश इकाई प्रदेश में तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रही है। इसी क्रम में रविवार को सातवां ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। सत्र में यूपी व एमपी के वरिष्ठ और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए, जहां पिछड़ा वर्ग मूल्यांकन एवं आरक्षण विषय पर गहन चर्चा के माध्यम से आरक्षण से जुड़ी चुनौतियों और सरकार की नीतियों पर प्रकाश डाला गया। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व व राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी श्री आर बी सिंह पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस सत्र में प्रदेश के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सत्र में विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग वित्त निगम के सदस्य ओपी कटियार , उप्र कीराज्य मंत्री रेखा पटेल , तथा राष्ट्रीय सलाहकार एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर प्रदेश) राजेंद्र पाल ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव और मध्य प्रदेश प्रभारी आर. बी. सिंह पटेल ने कहा, आज का प्रशिक्षण सत्र पिछड़े वर्ग के अधिकारों, उनके सामाजिक-आर्थिक उत्थान तथा आरक्षण नीतियों पर जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने वर्षों से निरंतर संघर्ष करके पिछड़ों के लिए आरक्षण के दायरे को विस्तृत किया है। उन्होंने नीट में आरक्षण और ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने के साथ-साथ भारत सरकार से ओबीसी के लिए अलग मंत्रालय बनाने की मांग भी की है। इस दौरान ओबीसी आरक्षण को संवैधानिक अधिकार बताते हुए 14% से बढ़ाकर 27% करने की मांग रखी।

सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ को प्रदान करेंगे भव्यता

# उज्जैन आने वाले श्रद्धालु केवल हमारे मेहमान नहीं, महाकाल के खास अतिथि, कमी न रहे

- पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा
- चिंतामण गणेश बनेगा मुख्य स्टेशन, मोहनपुरा में भी होगा रेलवे स्टेशन, उज्जैन में बन रहा एयरपोर्ट
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में किया करीब 129 करोड़ रुपए के 12 कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट कॉम वेब पोर्टल का किया शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते तीन-चार दिनों के अंदर ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उज्जैन आने वाले सभी श्रद्धालु सिर्फ हमारे मेहमान नहीं, स्वयं बाबा महाकाल की ओर से आमंत्रित अतिथि हैं। महाकाल ने उन्हें दर्शन देने के लिए बुलाया है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं के सत्कार से जुड़ी हर व्यवस्था में संवेदना और आत्मीयता भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से ही उज्जैन नगरी सिर्फ भारत नहीं, सम्पूर्ण विश्व की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 129 करोड़ रुपए की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार की गई तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक साथ लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन के नागरिकों का सहयोग ही बाबा महाकाल की सच्ची सेवा है। सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ-2028 को सबसे भव्य, दिव्य और अनुशासित के साथ एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन बनाएंगे।

इस प्रोजेक्ट के जरिए विद्यार्थियों को कम उम्र से ही कोडिंग और डिजिटल सोच से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने उत्कर्ष उज्जैन डॉट काम वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। यह पोर्टल युवाओं के लिए सीखने, मार्गदर्शन और अवसरों का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। साथ ही कौशल सेतु इंडस्ट्री-लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आगाज किया। कौशल सेतु शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटते हुए युवाओं को वास्तविक इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तीनों पहले उज्जैन के युवाओं को केवल डिग्री तक ही सीमित नहीं रखेंगी, बल्कि उन्हें जॉब-रेडी, स्टार्टअप-रेडी और फ्यूचर-रेडी बनाने का आधार तैयार करेंगी।

**124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन शहरी क्षेत्र में 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसमें करीब 102 करोड़ रुपए लागत से विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य, 9.50 करोड़ रुपए लागत से कपिला गौशाला का संवर्धन एवं विकास कार्य, 8.75 करोड़ रुपए लागत से पंवासा क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में विकास कार्य, 3.47 करोड़ रुपए लागत से कानीपुरा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण तथा लगभग 5 करोड़ रुपए लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है।

**इस स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा**

सीएम ने घोषणा की कि उज्जैन के इस पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा, जिससे यहां इंटरनेशनल हॉकी मैच हो सकें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में भारतीय खिलाड़ी लगभग सभी खेलों में पदक विजेता बन रहे हैं। हम मप्र के युवाओं को नौकरी लेने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार सीखो-कमाओ योजना, स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम जैसी पहलें युवाओं को पढ़ाई के साथ व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें बाजार और उद्योगों के लिए तैयार कर रही हैं।

**इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज प्रोजेक्ट स्वाध्याय के लिए 3 हजार युवाओं के लिए निनौरा और मक्सी के पास 2 हजार युवाओं के लिए कौशल विकास केंद्र शुरू किए हैं। इंदौर-उज्जैन के बीच भविष्य में मेट्रो भी दौड़ेगी, लेकिन उससे पहले वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की सौगात मिलेगी।

मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा आज

# नगरीय निकाय उप निर्वाचन में 67.28 और पंचायत में 65.37 प्रतिशत हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन के लिए सोमवार को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। सोमवार को शाम 6 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए 67.28 प्रतिशत और पंचायत उप निर्वाचन में 65.37 प्रतिशत मतदान हुआ है। नगरीय निकायों में मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस उप चुनाव में आयोग द्वारा मतदान दिवस की जानकारी के लिए पीठासीन अधिकारी और प्रेक्षकों की ओर से प्रेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के लिए प्रेक्षा ऐप विकसित कर सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी कि भिण्ड जिले के नगरीय निकाय मेहगांव में 83.54, आलमपुर में 80.62 और लहार में 66.56 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसी तरह रीवा जिले के सेमरिया में अध्यक्ष पद के लिये हुए मतदान में 64.05 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मण्डला में 68.25, देवास जिले के सतवास में 79.72 और बड़वानी जिले के नगरीय निकाय पानसेमल में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53 मतदान**

पंचायत उप निर्वाचन के लिए जिला श्योपुर में 69.29, मुरैना में 76.89, भिण्ड में 62.87, ग्वालियर में 79.53, दतिया में 80.98, शिवपुरी में 87.47, अशोकनगर में 68.57, सागर में 64.40, टीकमगढ़ में 67.45, दमोह में 70.38, पन्ना में 56.84, सतना में 56.94, रीवा में 44.45, सीधी में 59.18, शहडोल में 64.21, अनूपपुर में 54.25, कटनी में 71.58, जबलपुर में 78.49, बालाघाट में 71.10, सिवनी में 73.37, नरसिंहपुर में 75.83, छिंदवाड़ा में 75.19, बैतूल में 77.53, नर्मदापुरम में 83.56, विदिशा में 75.88, आगर-मालवा में 70.68, शाजापुर में 86.75, खण्डवा में 80.05, खरगौन में 75.72, बड़वानी में 69.56, उज्जैन में 62.11, रतलाम में 86.86, मंदसौर में 82.65, नीमच में 89.25 और जिला मउगंज में 58.67 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी**

सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकासखण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी। स्थानीय निकायों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 उत्तरार्द्ध में 6 पार्षद एवं एक अध्यक्ष पद (सेमरिया) तथा पंचायतों में 4 जिला पंचायत सदस्य (आगर-मालवा, श्योपुर, रीवा और दमोह), 4 जनपद पंचायत सदस्य (सागर-राहतगढ़, पन्ना-शाहनगर, अनूपपुर-पुष्पराजगढ़, बड़वानी-ठीकरी जनपद पंचायत), 54 सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ।

**77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक कराया गया मतदान**

इस निर्वाचन में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से विकसित नवीन तकनीक इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम (आईपीबीएमएस-पेपरलेस) के प्रयोग से जिला दमोह के जिला पंचायत सदस्य के लिए 77 मतदान केन्द्रों में सफलतापूर्वक मतदान कराया गया। यहां पर मतदान 69.85 प्रतिशत दर्ज किया गया। इंटीग्रेटेड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम मतदान केन्द्र पर मतदान दल की ओर से किए जाने वाले समस्त कार्यों को डिजिटल माध्यम से किया गया। इससे पूर्व आयोग इस तकनीक से सरपंच एवं जनपद सदस्य के लिए मतदान सफलतापूर्वक करा चुका है।

घूमने आए युवके की टोली पर हमला, दो युवक गंभीर

# पारंपरिक लोहार मंडई उत्सव में उपद्रवियों का हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

डौंडीलोहारा के पारंपरिक लोहार मंडई उत्सव में शनिवार शाम उस वक्त हंगामा हो गया, जब अज्ञात हमलावरों ने दल्ली राजहरा से आए युवकों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस खूनी संघर्ष में नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पावेंद्र कोड़प्पा (23 वर्ष) और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दल्ली राजहरा से छह युवकों का एक दल मंडई मेला देखने डौंडीलोहारा पहुंचा था। शाम को जब मंडई अपनी रौक पर थी, तभी पुरानी रंजिश को लेकर अज्ञात युवकों ने इन पर हमला बोल दिया।

**हमले के बाद फरार हुए हमलावर**

हमले के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। चाकूबाजी की इस घटना से मंडई परिसर में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे। स्थानीय लोगों और साथियों की मदद से खून से लथपथ घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, दो युवकों की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना ने सार्वजनिक आयोजनों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और चाक-चौबंद इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हमलावरों ने हथियारों से युवकों के शरीर पर वार किए।

अस्पताल में भर्ती, पुलिस कर रही मामले की जांच

# विधायक की पत्नी संदिग्ध परिस्थिति में घायल, दोनों हाथों में गंभीर जख्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

मंगलवार को एक सनसनीखेज घटना ने पूरे जिले को हिला दिया। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पत्नी पर धारदार हथियार से हमला हुआ है। हमले में उनके दोनों हाथ गंभीर रूप से जख्मी हो गए, वहीं गले पर भी कट के निशान मिले हैं। घटना के बाद उन्हें आनन-फानन में महारानी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम इलाज में जुटी हुई है। वहीं पूछताछ में सामने आया है कि सुमित्रा बघेल अपनी माता की मृत्यु के बाद पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य को लेकर मानसिक तनाव में थीं, जिसके चलते उन्होंने स्वयं को चोटिल किया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए महारानी अस्पताल में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत स्थिर है, लेकिन चोटें गंभीर हैं और लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

# नड्डा ने दिए राज्यों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की समीक्षा के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राजधानी में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, टीबी उन्मूलन अभियान, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, कैंसर उपचार और जनस्वास्थ्य से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। नड्डा ने राज्यों को मिशन मोड में काम करने के निर्देश देते हुए कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक रणबीर शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने दवा विनियमन को कड़ा करने, निदान सुविधाओं के विस्तार, टेलीमेडिसिन सेवाओं को बढ़ावा देने और जनभागीदारी आधारित मॉडल को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि देशभर में शुरू किए गए स्वास्थ्य परामर्श अभियान से बेहतर औषधि प्रबंधन, निदान सेवाओं और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों को नई दिशा मिलेगी।

**रक्तकोषों की सुरक्षा का पालन करने के निर्देश**

बैठक में राज्य के सभी रक्तकोषों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने और उनकी नियमित निगरानी को और सख्त बनाने के निर्देश दिए गए। निःशुल्क औषधि एवं निदान योजना का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाने, खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम और खाद्य व औषधि परीक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने पर भी जोर दिया गया।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की गति तेज करने पर विशेष चर्चा हुई। इसके तहत अधिक से अधिक निक्षय मित्र जोड़ने, टीबी मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने और जोखिमग्रस्त आबादी में एक्स-रे आधारित जांच अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए। नड्डा ने बताया कि टीबी कार्यक्रम को मजबूत करने के लिए 146 हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

# विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा में गए युवा कांग्रेस में वापस लौटे

- कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में ग्रहण की सदस्यता
- युवाओं का आरोप, जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा चुनाव पूर्व भाजपा में शामिल हुए युवाओं ने कांग्रेस में घर वापसी शुरू कर दी है। कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला के नेतृत्व में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। क्षेत्र के वार्ड 78 सैयद उस्मान अली, वार्ड 75 संजीव तिवारी, वार्ड 79 आनंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता लेकर क्षेत्र के विकास के लिए काम करने की बात कही है। युवाओं का आरोप है कि चुनाव पूर्व उनसे जो वायदे किए गए थे वह पूरे नहीं हुए। क्षेत्र की बड़ी आबादी आज भी रोजगार के लिए परेशान है।

रेस में एडीजी बनने के लिए राय सबसे आगे, श्रीवास्तव के रिटायरमेंट के बाद शमी का नंबर

# प्रदेश के इतिहास में पहली बार पीएचक्यू में हो जाएंगे 13 डीजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में पहली बार ऐसा हो सकता है कि एक जनवरी के बाद डीजी के पद पर 13 अफसर पदस्थ हो जाएं। यह स्थिति इसलिए बन सकती है कि प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ एक अफसर का कार्यकाल 23 दिसंबर को पूरा हो चुका है, लेकिन अभी उनके वापस आने की सूचना पुलिस मुख्यालय को नहीं मिली है, यदि पदोन्नति आदेश के बाद वे प्रदेश में आए तो नेक्स्ट बिलो रूल (एनबीआर) के तहत उन्हें डीजी के पद पर पदोन्नत करना पड़ेगा।

ऐसी स्थिति में प्रदेश में डीजी रैंक के अफसरों की संख्या 13 हो जाएगी। वर्ष 1994 बैच के अफसर अनंत कुमार सिंह प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में हैं, उनकी प्रतिनियुक्ति की अवधि 23 दिसंबर को पूर्ण हो चुकी है। यदि अनंत कुमार सिंह के आने की स्थिति 31 दिसंबर तक स्पष्ट नहीं हुई तो एक जनवरी को उनके ही बैच के अफसर आशुतोष राय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक से पदोन्नत होकर डीजी बना दिए जाएंगे। जबकि वर्ष 1994 बैच के अफसरों में पहले नंबर पर अनंत कुमार सिंह हैं, दूसरे नंबर पर मनमीत सिंह नारंग और तीसरे क्रम पर आशुतोष राय हैं। मनमीत सिंह नारंग भी प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसलिए आशुतोष राय 1 जनवरी को डीजी के पद पर पदोन्नत हो सकते हैं। यदि राय पदोन्नत हुए तो अनंत कुमार जनवरी से लेकर जून तक प्रदेश में आए, तब उस स्थिति में अनंत कुमार सिंह को भी डीजी का पद देना होगा। डीजी के पद के लिए ऐसी स्थिति में एनबीआर लागू होगा और अनंत कुमार सिंह को डीजी के पद पर पदोन्नत किया जाएगा।

**इसलिए होना है प्रमोट**

स्पेशल डीजी सीआईडी पवन श्रीवास्तव 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं। वर्ष 1992 बैच के श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद उनकी जगह पर वर्ष 1994 बैच के अफसरों का अतिरिक्त पुलिस डीजी के लिए पदोन्नति होगी। महानिदेशक के पद से स्पेशल श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद डीजी पद से 30 जून को संजीव शमी रिटायर होंगे।

भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है

# जापान को पीछे छोड़ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

## एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। एक सरकारी बयान में यह कहा गया। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है।

### अमेरिका के बाद चीन दूसरे स्थान पर

एक सरकारी बयान के अनुसार, ''भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।'' दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है।




### घरेलू कारकों ने विस्तार को दिया सहारा

बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई।

### अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने की पुष्टि

बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है। विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

### भारत जी-20 में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।

## एस्कॉर्टस कुबोटा को मिला 3.4 करोड़ का कर मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** कृषि एवं निर्माण उपकरण बनाने वाली कंपनी एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड को महाराष्ट्र के कर अधिकारियों ने 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' की पात्रता से जुड़े एक मामले में 3.4 करोड़ रुपये से अधिक की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि महाराष्ट्र के पुणे साउथ के सहायक राज्य कर आयुक्त ने इस मामले में 1,76,29,853 रुपये का कर मांग नोटिस जारी किया है। इसके अलावा 1,46,58,378 रुपये का ब्याज और 17,62,985 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कंपनी के अनुसार उसे यह नोटिस 29 दिसंबर 2025 को मिला।

## हुंडई मोटर का वाणिज्यिक परिवहन खंड में प्रवेश

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने 'प्राइम टैक्सी' श्रृंखला के साथ वाणिज्यिक परिवहन खंड में प्रवेश की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी के बयान के अनुसार, 'फ्लीट' संचालकों एवं टैक्सी उद्यमियों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई इस श्रृंखला में 'प्राइम एचबी' (हैचबैक) और 'प्राइम एसडी' (सेडान) मॉडल शामिल हैं।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26 /35/पी.आर.ओ./722 दिनांक- 30/12/2025 | Lighting and Wiring/ Rewiring work at Different Toilet at NNJ Zone No. 15 & 11 (Ward No. 67 & 79) Jabalpur. | 06 माह एवं 385740/- | 2000/- एवं 3860/- | 19/01/2026 (1st Call) |
| 2 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26 /36/पी.आर.ओ./722 दिनांक- 30/12/2025 | Lighting and Wiring/ Rewiring work at Different Toilet at NNJ Zone No. 05 & 06 Jabalpur. | 06 माह एवं 422863/- | 2000/- एवं 4250/- | 19/01/2026 (1st Call) |
| 3 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26 /37/पी.आर.ओ./722 दिनांक- 30/12/2025 | Lighting and Wiring/ Rewiring work at Different Toilet at NNJ Zone No. 02 & 03 Jabalpur. | 06 माह एवं 422675/- | 2000/- एवं 4230/- | 19/01/2026 (1st Call) |
| 4 | न.नि.ज./प्रकाश/2025-26 /38/पी.आर.ओ./722 दिनांक- 30/12/2025 | Lighting and Wiring/ Rewiring work at Different Toilet at NNJ Zone No. 01 Jabalpur. | 06 माह एवं 411385/- | 2000/- एवं 4200/- | 19/01/2026 (1st Call) |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री (विद्युतीय)
नगर पालिक निगम जबलपुर


## सेंसेक्स ने वर्ष में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की

# शेयर बाजार में निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी निवेशकों की निकासी, शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं, ऊंचे मूल्यांकन और रुपये की कमजोरी जैसी कई चुनौतियों के बावजूद बीएसई के मानक सूचकांक सेंसेक्स में आठ प्रतिशत से अधिक की बढ़त से इस साल दलाल स्ट्रीट के निवेशकों की संपत्ति 30.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। विश्लेषकों ने कहा कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन और सुदृढ़ व्यापक आर्थिक स्थिति, खासकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में तेज से शेयर बाजारों ने मजबूत प्रदर्शन किया।

■ सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण बढ़कर 4,72,15,483 .12 करोड़ रुपए हुआ

### बाजार को मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन मिला

इनक्रेड वेल्थ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नितिन राव ने कहा, ''विदेशी निवेशकों की निकासी एक चुनौती बनी रही, इसके बावजूद बाजार की मजबूती स्पष्ट दिखी। 2025 में भारतीय बाजार के प्रमुख कारकों में मजबूत घरेलू निवेशक समर्थन शामिल रहा।''

**सेंसेक्स ने 86,159.02 का उच्च स्तर छुआ :** बीएसई का 30 शेयर आधारित सेंसेक्स 29 दिसंबर तक 6,556.53 अंक यानी 8.39 प्रतिशत चढ़ा। एक दिसंबर को इसने 86,159.02 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। इस साल अब तक बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 30,20,376.68 करोड़ रुपये बढ़कर 4,72,15,483.12 करोड़ रुपये (करीब 5250 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया।



### टाटा कैपिटल का निर्गम सबसे बड़ा रहा

इस साल आरंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) की रिकॉर्ड संख्या ने भी बाजार को मजबूती दी। प्रमुख आईपीओ में टाटा कैपिटल का 15,512 करोड़ रुपये का निर्गम सबसे आगे रहा। इसके बाद एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज (12,500 करोड़ रुपये), एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (11,607 करोड़ रुपये), हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीज (8,750 करोड़ रुपये), लेंसकार्ट सॉल्यूशंस (7,278 करोड़ रुपये) और बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स (6,632 करोड़ रुपये) का स्थान रहा।

### इस साल सूचकांकों में सीमित बढ़त रही

'' कई वर्षों तक दोहरे अंक के मजबूत 'रिटर्न' के बाद इस साल मानक सूचकांकों में अपेक्षाकृत सीमित बढ़त रही। सेंसेक्स और निफ्टी में साल भर में करीब 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वैश्विक प्रतिकूलताओं, विदेशी पूंजी की निकासी और मूल्यांकन में सुधार के बीच यह प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।''

### बाजार में धारणा सतर्क बनी रही

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि घरेलू स्तर पर बाजारों को कमजोर कॉरपोरेट आय वृद्धि, ऊंचे मूल्यांकन, रुपये की कमजोरी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार निकासी का सामना करना पड़ा जिससे स्थिर व्यापक आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद धारणा सतर्क बनी रही।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 2, लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल दूरभाष 0755 2465467**

क्रमांक 11/ व.ले.लि./सी. 2/2025-26 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — भोपाल, दिनांक 24.12.2025

निम्न लिखित कार्यो हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| क्र. | एन.आई.टी.क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाखों में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 48/SAC dt 23.12.2025 | 2025_CPA _470737_1 | वल्लभ भवन भोपाल में मंत्रालय वल्लभ भवन 2, 3 (रू. दो करोड़ एम.एल.सी.पी., पुलिस बैरक, रिकार्ड रूम, का फायर फाईटिंग सिस्टम का ऑपरेशन एवं मेन्टेनन्स संबंधी कॉम्प्रेहेन्सीव कॉन्ट्राक्ट का कार्य. | रू. 230.75 लाख (रू. दो करोड तीस लाख पिचहत्तर हजार) | रू.2,30,750/- | रू.15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 2 | 49/SAC dt 23.12.2025 | 2025_CPA _470738_1 | शासकीय आर्ट्स एवं कॉमर्स (नवीन) महाविद्यालय, भोपाल में नवीन भवन निर्माण, रिनोवेशन का कार्य | रू. 357.63 लाख (रू.तीन करोड सतावन त्रियसठ लाख हजार) | रू.3,57,630/- | रू.15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 3 | 50/SAC dt 23.12.2025 | 2025_CPA _470739_1 | सतपुड़ा भवन स्थित उच्च शिक्षा विभाग (रूसा) में इंटीरियर रिनोवेशन एवं अन्य कार्य | रू. 282,79 लाख (रू. दो करोड बयासी लाख उन्यासी हजार) | रू.2,82,790/- | रू.15,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 4 | 51/SAC dt 23.12.2025 | 2025_CPA _470740_1 | राजधानी उपसंभाग क्र.4, लो. नि.वि. के अन्तर्गत मंत्रालय वल्लभ भवन क्र. 1 में वार्षिक मरममत, विशेष मरम्मत, अनुरक्षण कार्य | रू. 50 लाख (रू. पचास लाख) | रू.50,000/- | रू.5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |
| 5 | 52/SAC dt 23.12.2025 | 2025_CPA _470741_1 | राजधानी उपसंभाग क्र.4, लो. नि.वि. के अन्तर्गत मंत्रालय वल्लभ भवन क्र. 1 में आंतरिक एवं बाहरी पुताई, पेन्टिंग कार्य | रू. 50 लाख (रू. पचास लाख) | रू.50,000/- | रू.5,000/- | केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09/01/2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री,
राजधानी संभाग क्रमांक-2
लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल दूरभाष -0755 2465467

G-23584/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)**

(तामिया रोड वार्ड क्रमांक -03 जुन्नारदेव पिनकोड-480551)
Phone 07160)231007 ULB CODE-802380 Emailid-cmojunardev@mpurban.gov.in

क्रमांक/2308/न.पा./ लोनिशा/2025 — **// निविदा सूचना //** — जुन्नारदेव दिनांक 29/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 470070_1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 17 में विजय चौहान से कैलाश यदुवंशी तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 03 माह 805,718/- | 2000/- 8100/- | 15.01.2026 |
| 2 | 2025_ UAD_470071_1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 03 में गुप्ता के घर से संतोष पवार के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 03 माह 7,60,648/- | 2000/- 7700/- | 15.01.2026 |
| 3 | 2025 _UAD_ 470072_1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 17 में आनंद के घर से अजय साहू के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह 3,50,594/ | 2000/- 3600/- | 15.01.2026 |
| 4 | 2025_ UAD_ 470073 _1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 05 में राम स्वामनानी के घर से संजय तांबे एवं बिट्टू जावा से सचिन के घर तक कवर ड्रेन निर्माण कार्य | 02 माह 2,19,493/- | 2000/- 2200/- | 15.01.2026 |
| 5 | 2025– UAD– 470074–1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 10 में सिद्धू लाल साहू से नागले के घर तक व मुकेश चौरसिया के घर सामने पेवर ब्लाक निर्माण कार्य | 02 माह 2,05,766/- | 2000/- 2100/- | 15.01.2026 |
| 6 | 2025_ UAD _470075_1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 09 में कैलाश यादव के सामने/जैन के घर के सामने / छोटू जैन के घर के सामने आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य | 02 माह 1,40,514/- | 1000/- 2900/- | 15.01.2026 |
| 7 | 2025_ UAD_ 470076_1 DATE 29.12.2025 | वार्ड क्र. 05 में सचिन स्वामनाली के घर से खेत तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 02 माह 1,09,602/- | 1000/- 2200/- | 15.01.2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद जुन्नारदेव जिला-छिन्दवाड़ा**


# घरों का पंजीकरण पांच फीसदी घटकर 5.45 लाख इकाई पर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल 25 दिसंबर तक देश के नौ शहरों में आवासीय संपत्तियों का पंजीकरण पांच प्रतिशत घटकर 5.45 लाख इकाई रहा। इस दौरान कुल मूल्य 11 प्रतिशत बढ़कर 4.46 लाख करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी स्क्वायर याड्र्स ने मंगलवार को यह कहा। स्क्वायर याड्र्स के अनुसार, पुणे, ठाणे, मुंबई, नवी मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में पंजीकृत संपत्तियों से जुड़े आंकड़े जारी किए। ये आंकड़े प्राथमिक और द्वितीयक (पुराने घर की बिक्री) दोनों बाजारों में हुए लेनदेन से संबंधित हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''2025 में भारत के नौ प्रमुख आवासीय बाजारों में पंजीकृत आवासीय लेनदेन सालाना आधार पर पांच प्रतिशत घटा, जबकि इसी अवधि में कुल बिक्री मूल्य 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा।'' वर्ष 2024 में पंजीकरण की संख्या 5.77 लाख इकाई रही थी, जिनका कुल मूल्य 4.03 लाख करोड़ रुपये था।

■ रियल एस्टेट सलाहकार स्क्वायर याड्र्स ने जारी की रिपोर्ट

### समृद्ध भारतीयों की संख्या तेजी से बढ़ रही

स्क्वायर याड्र्स के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी तनुज शोरी ने कहा, ''अधिक खर्च योग्य आय वाले समृद्ध भारतीयों की संख्या में तेज बढ़ोतरी के बीच 2025 में खासकर मुंबई महानगरीय क्षेत्र जैसे बाजारों में प्रीमियम और लक्जरी आवासों का कुल मूल्य में वर्चस्व रहा।''

### 2026 में लक्जरी खंड में वृद्धि की रफ्तार धीमी रहेगी

शोरी ने कहा, ''हालांकि मांग संरचनात्मक रूप से मजबूत बनी हुई है, लेकिन 2026 में लक्जरी खंड में वृद्धि की रफ्तार धीमी रहने की संभावना है, जो नरमी के बजाय स्थिरता के दौर की शुरुआत का संकेत देती है।''


**आवश्यकता है**

नवाम्बे शिक्षा समिति द्वारा संचालित नवाम्बें कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्गा नगर, अधारताल जबलपुर में विश्वविद्यालय अधिनियम कॉलेज कोड 28 स्थाई नियुक्ति के अंतर्गत रिक्त पदों हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि -06.01.2026

| क्र. | पद | संख्या | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 | पद हेतु Ph.d+10 वर्ष का महाविद्यालय शैक्षणिक अनुभव। |
| 02. | सहा. प्राध्यापक राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, वाणिज्य, हिन्दी, अंग्रेजी | 05 | सहायक प्राध्यापक हेतु NET/Ph.d एवं संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक अनिवार्य। |

विशेष-
1. योग्यता एवं वेतन यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन/समिति के नियमानुसार होगा।
2. आवेदन के साथ सम्पर्क करे नवाम्बे कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्गानगर अधारताल जबलपुर म.प्र.।
3. पद क्र. 1 से 2 तक की अधिक जानकारी के लिये Email- namvambey003344@gmail.com दूरसंचार नं. 9617222225

सचिव



**निविदा आमंत्रण सूचना (ई - पद्धति)**
**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म. प्र.)**

ज्ञाप क्र.11/ / सा-2/2025-26 — दिनांक 22/12/2025

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू. डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 12/सा./ मु.अ./ 2025-26 दिनांक 22/12/2025 (प्रथम आमंत्रण) | बरगी हिल्स, जबलपुर स्थित विश्राम गृह का उन्नयन का कार्य। | रू. 96.25 लाख (रू. छियान्नवे लाख पच्चीस हजार मात्र) (एम.पी. पी.डब्ल्यू.डी. एस. ओ. आर 01/01/2024 पर लागू) | रू. 97000/- (रू. सन्तानवे हजार रूपये मात्र) | रू. 10000/- (रू. दस हजार मात्र) | 09 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 13/सा./ मु.अ./ 2025-26 दिनांक 22/12/2025 (प्रथम आमंत्रण) | बरगी हिल्स जबलपुर में पुराने कार्यालय भवन को रेस्ट हाउस में परिवर्तित करने का कार्य। | रू. 46.64 लाख (रू. छियालीस लाख चौसठ हजार मात्र) (एम.पी. पी.डब्ल्यू.डी. एस. ओ. आर 01/01/2024 पर लागू) | रू. 50000/- (रू. पचास हजार रूपये मात्र) | रू. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 06 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें। 2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है। 3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनॉक एवं समय दिनांक 09.01.2026, 17.30 बजे तक। 4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी. एल. वर्मा) मुख्य अभियंता
G-23529/25 "स्वच्छता ही सेवा" रानी अवती बाई लोधी सागर परियोजना, बरगी हिल्स, जबलपुर



**कार्यालय नगरपालिका परिषद कोण्डागांव, जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
Fax NO.-07786-242230 Email- cmokondagaon.2010@rediffmail.com

-:: ई-प्रोक्युरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::-
Main Portal: (https://eproc.cgstate.gov.in)

क्रमांक/ 4766/ न.पं./ लो.नि.वि./ 2025 — कोण्डागांव, दिनांक 30.12.2025

नगरपालिका परिषद् कोण्डागांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ई-टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | अमानत राशि लाख में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 5 |
| 1 | 182615 | CONSTRUCTION OF SAMUDAIK BHAVAN NEAR KRISHNA KUNJ AT KOPABEDA WARD-15, KONDAGAON. (1st Call) | 25.00 | 22.01.2026 | 0.19 |
| 2 | 182617 | CONSTRUCTION OF MINI STADIUM AT NAGAR PALIKA PARISHAD, KONDAGAON. (1st Call) | 195.55 | 22.01.2026 | 01.47 |
| 3 | 182618 | REVAMPING OF MATERIAL RECOVERY FACILITY (MRF) INCLUDING INSTALLATION OF MACHINERY AND CONSTRUCTION OF COMPOST PLANT IN MUNICIPAL AREA OF KONDAGAON, CHHATTISGARH (1st Call) | 107.87 | 22.01.2026 | 0.81 |

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है साथ ही अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से संपर्क की जा सकती है अथवा कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद, कोण्डागांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

श्रीलंकाई राजदूत ने जताया आभार

# दितवाह से निपटने में भारत ने की बहुत मदद, पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है*

भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन ने भारत और पीएम नरेंद्र मोदी के शानदार नेतृत्व की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जब कभी श्रीलंका पर संकट आया तब भारत ने सबसे पहले हमारी मदद की। उन्होंने हाल ही में आए चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की मदद के लिए भी आभार जताया। कोलोन ने कहा कि पीएम मोदी का नेतृत्व शानदार है। हम उन्हें ग्लोबल साउथ और अंतरराष्ट्रीय स्तर की एक अहम आवाज के तौर पर देखते हैं।

*पीएम मोदी ग्लोबल साउथ की मजबूत आवाज*

*भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ*

### भारत मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा


भारत में श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन

श्रीलंकाई राजदूत ने कहा कि पीएम मोदी न सिर्फ श्रीलंका या एशिया में बल्कि वैश्विक रूप से एक बहुत सम्मानित नेता हैं। श्रीलंका के लोग उन्हें अपना प्यारा दोस्त मानते हैं, एक ऐसा दोस्त जो मुश्किल समय में हमेशा श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है। पुरानी बुरी घटनाओं को याद करते हुए कोलोन ने कहा कि अप्रैल 2019 में ईस्टर संडे हमलों के दौरान जब श्रीलंका बिखर गया था और यात्रा संबंधी एडवाइजरी जारी की गई थी, तब भी पीएम मोदी ने छह हफ्तों के अंदर श्रीलंका का दौरा किया। उससे हमारे पर्यटन को फिर से शुरू करने और हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में बहुत मदद मिली थी।

### भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया

श्रीलंकाई राजदूत कोलोन ने चक्रवात दितवाह के दौरान भारत की भूमिका के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हाल ही में जब श्रीलंका भीषण प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा था तब भी भारत सबसे पहले मदद के लिए आगे आया। बचाव ऑपरेशन, राहत और मेडिकल मदद के दौरान, भारत ने हेलीकॉप्टर तैनात किए, राहत सप्लाई भेजी और डॉक्टरों को भेजा, जिससे हमें कई तरह से मदद मिली। भारत हमारे पुनर्निर्माण और रिकवरी के अगले फेज में साथ खड़ा रहा है और ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

### बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी शुरू की

उन्होंने कहा कि अब साइक्लोन गुजर चुका है। राहत और बचाव का काम अब बंद हो गया है। भारत के प्रयासों से बेसिक सर्विस और कनेक्टिविटी फिर से शुरू हो गई है और जैसा कि आप शायद जानते हैं भारत ने श्रीलंका को काफी मदद दी है। उन्होंने आगे कहा कि ऑपरेशन सागर बंधु तब शुरू हुआ जब साइक्लोन का असर खत्म नहीं हुआ था; अब हम अगले फेज में चले गए हैं। श्रीलंका सरकार ने इमरजेंसी फंडिंग जारी कर दी है।

### भारत श्रीलंका का भरोसेमंद साझेदार

श्रीलंका के साथ भारत की लंबे समय से चली आ रही साझेदारी के बारे में कोलोन ने कहा कि भारत निश्चित रूप से बार-बार श्रीलंका के भरोसेमंद और अच्छे साझेदार के तौर पर उभरा है। श्रीलंका के लोग भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में देखते हैं, ऐसा जो हमारे लिए खड़ा है और पहले भी लगातार खड़ा रहा है।

### जल्द शुरू होगी एफटीए पर बात

उन्होंने ट्रेड रिलेशन पर भी बात की। कोलोन ने कहा कि भारत और श्रीलंका ने 1998 में एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया था। यह दोनों देशों के बीच पहला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट था। तब से, हमारी ट्रेड पार्टनरशिप बढ़ी है। अब, श्रीलंका के लिए भारत सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है, लेकिन एफटीए को अपग्रेड करने की जरूरत है। हमें उम्मीद है कि इस पर जल्द ही बातचीत शुरू होगी।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा कारणों से जम्मू में वीपीएन प्रतिबंधित



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई जिलों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने यह सुनिश्चित करने के लिए सेल फोन सर्विलांस बढ़ा दिया है कि बैन के आदेश का उल्लंघन न हो। घाटी के कुपवाड़ा, कुलगाम और शोपियां जिले वीपीएन बैन लगाने वाले नए जिले हैं, जिन्होंने आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का आदेश दिया है।

### मीरा स्याल ब्रिटेन में 'डेमहुड' से सम्मानित



**लंदन।** प्रसिद्ध ब्रिटिश-भारतीय कलाकार मीरा स्याल लंदन में मंगलवार को जारी उन ब्रिटिश-भारतीयों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नव वर्ष पर विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया है। स्याल को 'डेमहुड' की उपाधि से नवाजा गया है। लंदन में रहने वाली हास्य कलाकार, लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्माता को साहित्य, नाटक और परोपकार के क्षेत्र में सेवाओं के लिए 'डेम मीरा' की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

कट्टरपंथियों के दबाव में यूनुस सरकार, बांग्लादेश में एक और हिंदू की हत्या

# कारखाने में साथी ने ही मारी गोली आरोपी बोलाः मैं मजाक कर रहा था

2 हफ्ते में तीसरी घटना

एजेंसी ▶▶ ढाका

*पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन ज़ब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल*

बातचीत के दौरान चला दी गोली, फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे

गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी स्थानीय अस्पताल में मृत घोषित

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक फैक्ट्री के अंदर सिक्योरिटी ड्यूटी पर तैनात एक हिंदू गारमेंट वर्कर को उसके साथ काम करने वाले मजदूर ने गोली मार दी। इससे हिंदू वर्कर की मौके पर ही मौत हो गई।

यह पिछले दो हफ्तों में तीसरी ऐसी घटना है, जब किसी हिंदू की हत्या हुई है। यह घटना सोमवार को शाम करीब 6.45 बजे भालुका उपजिला इलाके में लबीब ग्रुप की गारमेंट यूनिट सुल्ताना स्वेटर्स लिमिटेड में हुई। पीड़ित की पहचान 42 साल के बजेंद्र बिस्वास के रूप में हुई है। वहीं, गोली मारने वाला आरोपी 29 साल का नोमान मिया है। पुलिस ने आरोपी नोमान मिया को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था बिस्वास


अस्पताल में मृतक के परिजन

*पुलिस के मुताबिक, दोनों आदमी फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर तैनात थे। ये दोनों फैक्ट्री के अंदर ही अंसार बैरक में रह रहे थे। बातचीत के दौरान, नोमान मिया ने कथित तौर पर मजाक में या हल्के-फुल्के अंदाज में बिस्वास पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर बाद हथियार से गोली चल गई, और गोली बिस्वास की बाईं जांघ में लगी। बिस्वास को तुरंत भालुका उपजिला हेल्थ कॉम्प्लेक्स ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जिस तरह से बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, इस मामले को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं कि क्या मजाक में गोली चली या इसके पीछे कोई साजिश थी? मृतक बजेंद्र बिस्वास सिलहट सदर के कादिरपुर गांव के रहने वाले थे और अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य बताए जा रहे हैं।*

### इस्लामी एजेंडों का बढ़ावा दिया जा रहा

बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस कथित तौर पर कट्टर इस्लामी एजेंडों को बढ़ावा दे रहे हैं या उन्हें सक्षम बना रहे हैं। सरकार में मंत्री और अधिकारी ऐसे चरमपंथी समूहों जैसे जमात-ए-इस्लामी और हिज्ब-उत-तहरीर के प्रभाव में काम कर रहे हैं, यह सोमवार को प्रकाशित एक मानवाधिकार रिपोर्ट में कहा गया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि कट्टरपंथी मंच 'इंक़िलाब मंच' के प्रवक्ता शरिफ उस्मान हादी की हत्या ने यूनुस नेतृत्व वाली सरकार की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार को इस घटना से लाभ होने की आशंका जताई जा रही है।

### कानूनी कार्रवाई जारी

संबंधित पुलिस स्टेशन के इंचार्ज मोहम्मद जाहिदुल इस्लाम ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और घटना में इस्तेमाल की गई शॉटगन ज़ब्त कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मैमनसिंह मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि कानूनी कार्रवाई चल रही है। इस हत्या से भालुका इलाके में तनाव बढ़ गया है।

### 18 दिसंबर को दीपू दास की भी हुई थी हत्या

यह घटना अकेली नहीं है। इससे महज 11 दिन पहले, 18 दिसंबर को इसी भालुका इलाके में दीपू चंद्र दास नामक हिंदू युवक को कथित तौर पर पीट-पीटकर, निर्वस्त्र कर और जिंदा जलाकर मार डालने की घटना सामने आई थी। इन लगातार घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बांग्लादेश के औद्योगिक और ग्रामीण इलाकों में हिंदू अब सुरक्षित हैं?

पुतिन के घर पर यूक्रेन का हमला

# पीएम मोदी ने जताई चिंता, कई देशों को सताया युद्ध का डर, गुस्से में ट्रंप


डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन, नरेंद्र मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पिछले चार वर्षों से रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। शांति वार्ता और सीजफायर की कोशिशों के बीच रूस ने सनसनीखेज दावा किया है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आवास को निशाना बनाया गया। रूस का आरोप है कि यह हमला यूक्रेन की ओर से जानबूझकर किया गया। इस दावे के सामने आते ही वैश्विक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। कई देशों को डर है कि यह घटना युद्ध को और भड़का सकती है। पुतिन के आवास पर कथित हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय तनाव साफ महसूस किया जा रहा है। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। आशंका जताई जा रही है कि रूस इस हमले का जोरदार जवाब दे सकता है।

### पीएम मोदी की शांति की अपील

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की। उन्होंने लिखा कि रूसी संघ के राष्ट्रपति के आवास पर हमले की खबर से अत्यंत चिंतित हूं। युद्ध समाप्त करने और शांति बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। सभी पक्षों से अपील है कि ऐसे किसी भी कदम से बचें जिससे शांति की कोशिशें नाकाम हों। शांति समझौते की कोशिशों में लगे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मुद्दे पर पुतिन से फोन पर बात की। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई जवाबी कार्रवाई हो रही है, तो वह एक बात है। लेकिन किसी राष्ट्रपति के घर पर हमला करना बिल्कुल अलग मामला है। यह सही समय नहीं था। यह सुनकर मुझे गुस्सा आया।

### रूस का दावाः 91 ड्रोन, लेकिन नाकाम हमला

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने दावा किया कि 28-29 दिसंबर की रात यूक्रेन ने पुतिन के आवास को निशाना बनाकर लंबी दूरी के 91 ड्रोन दागे। हालांकि, रूसी सुरक्षा एजेंसियों ने सभी ड्रोन को हवा में ही मार गिराने का दावा किया है। अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उस समय पुतिन अपने आवास में मौजूद थे या नहीं। इन आरोपों पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सख्त प्रतिक्रिया दी है। फ्लोरिडा में ट्रंप से मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने ऐसा कोई हमला नहीं किया। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस शांति वार्ता से बचना चाहता है और इसी वजह से यूक्रेन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

3 साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन, सेंट्रल बैंक के प्रमुख ने दिया इस्तीफा

# ईरान में महंगाई के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग, बड़े शहरों में भी विरोध प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में बढ़ती महंगाई और मुद्रा संकट के खिलाफ सोमवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। यह पिछले तीन साल में सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। इस बीच सेंट्रल बैंक के प्रमुख मोहम्मद रजा फरजिन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। राजधानी तेहरान के सादी स्ट्रीट और ग्रैंड बाजार इलाके में व्यापारियों और दुकानदारों ने प्रदर्शन किया। कई जगहों पर दुकानें बंद रहीं, जिससे कारोबार ठप हो गया। चश्मदीदों के मुताबिक, इस्फहान, शिराज और मशहद जैसे बड़े शहरों में भी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शन उस वक्त तेज हुए जब ईरान की मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। इससे खाने-पीने की चीजों और रोजमर्रा के सामान की कीमतें और बढ़ गईं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर में महंगाई दर 42 फीसदी से ज्यादा रही, जबकि खाने की चीजों की कीमतें 70 फीसदी से अधिक बढ़ चुकी हैं।



### पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे। ये प्रदर्शन 2022 के बाद सबसे बड़े माने जा रहे हैं। उस समय 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद पूरे देश में आंदोलन भड़क गया था। उन्हें हिजाब ठीक से न पहनने के आरोप में मोरैलिटी पुलिस ने पकड़ा था। सोमवार को तेहरान के कुछ इलाकों में हालात काबू से बाहर होने पर पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का बड़ा फैसला

# सोमालिया के एक हिस्से सोमालीलैंड को अलग मुल्क के तौर पर दी मान्यता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पिछले दिनों एक बड़ा फैसला लेते हुए सोमालिया के एक स्वायत्त हिस्से सोमालीलैंड को एक अलग मुल्क के तौर पर मान्यता दी थी। इसे लेकर बवाल मच गया है। इजराइल दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जिसने सोमालीलैंड को एक अलग देश के तौर पर मान्यता दी है। लेकिन इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मीटिंग में कई देशों ने सवाल उठाया है। इन देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा कि इजराइल के इस फैसले के पीछे खतरनाक इरादे हैं। उन्होंने कहा कि इजराइल चाहता है कि पहले सोमालीलैंड को एक अलग मुल्क


इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू

की मान्यता दी जाए और फिर गाजा से फिलिस्तीन के लोगों को हटाकर वहां बसा दिया जाए। इस तरह गाजा पर कब्जा जमाया जा सके। मुस्लिम देशों ने कहा कि इजराइल का यह फैसला सीधे तौर पर गाजा को लेकर एक प्लान का हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र में सोमालिया के राजदूत अबू बकर दाहिर उस्मान ने कहा कि इजराइल का यह फैसला गलत है और सीधे तौर पर उकसाने वाला कदम है।

## 'ध्रुव-एनजी' हेलिकॉप्टर को पहली सलामी

**बेंगलुरु।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) में अगली पीढ़ी के नागरिक हेलीकॉप्टर ध्रुव-एनजी का उद्घाटन किया। नायडू ने उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर ध्रुव-एनजी की पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 'ध्रुव-एनजी' हेलिकॉप्टर की पहली उड़ान पर इसे वॉटर कैनन सलामी दी गई। इससे पहले एविएशन मिनिस्टर ने बेंगलुरु में ध्रुव एनजी की आरती उतारी, भगवान की पूजा की और नारियल फोड़कर एचएएल के हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। ध्रुव-एनजी 5 .5 टन का हल्का, दो इंजन वाला, मल्टि-रोल वाला हेलीकॉप्टर है। इसमें दो शक्ति 1एच1सी इंजन लगे हैं। इसका अधिकतम टेक-ऑफ भार 5,500 किलो है और यह 285 किमी/घंटा की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है। इसकी अधिकतम क्षमता 14 यात्रियों को ले जाने की है।



वीडियो एडिटिंग कंपनी कपविंग की नई रिपोर्ट में बड़ा दावा

# यूट्यूब पर हर पांचवा वीडियो नकली, बढ़ा 'ब्रेन-रॉट' का खतरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ओपनएआई के सोरा और गूगल के विओ जैसे टूल्स ने एआई वीडियो बनाना बेहद आसान कर दिया है। इसी का नतीजा है कि यूट्यूब पर अब बड़ी संख्या में ऐसे वीडियो दिखने लगे हैं, जिन्हें एआई स्लॉप या ब्रेनरॉट कंटेंट कहा जा रहा है। वीडियो एडिटिंग कंपनी कपविंग की नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यूट्यूब पर मौजूद करीब 21 प्रतिशत कंटेंट इसी श्रेणी में आते हैं।

कोरियाई एआई स्लॉप चैनलों को करीब 8.25 अरब व्यूज

पाक चैनलों को 5.34 अरब अमेरिका को 3.39 अरब व्यूज

### स्टडी में 500 में से 104 एआई वीडियो नकली




कपविंग ने एक नया यूट्यूब अकाउंट बनाकर यह जांच की कि बिना किसी पुराने डेटा या पसंद के एल्गोरिदम कैसा कंटेंट दिखाता है। इस टेस्ट में शुरुआती 500 शॉर्ट्स वीडियो देखे गए। पहले 16 वीडियो में एआई स्लॉप नहीं दिखा, लेकिन कुल मिलाकर 500 में से 104 वीडियो पूरी तरह एआई से जनरेट पाए गए।

### एआई कंटेंट कंज्यूम करने में दक्षिण कोरिया सबसे आगे

एआई स्लॉप देखने में दक्षिण कोरिया सबसे आगे है। वहां के टॉप एआई जनरेटेड कंटेंट बनाने वाले चैनलों को अब तक करीब 8.25 अरब व्यूज मिल चुके हैं। दक्षिण कोरिया का सबसे बड़ा स्लॉप चैनल थ्री मिनिट्स विसडम अकेले ही 2.02 अरब व्यूज हासिल कर चुका है, जिसमें पालतू जानवर से जंगली जानवरों को हराते दिखाए जाते हैं।

### पाकिस्तान और अमेरिका भी पीछे नहीं

*इस सूची में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां टॉप स्लॉप चैनलों को 5.34 अरब व्यूज मिले हैं। अमेरिका तीसरे नंबर पर रहा, जहां ऐसे चैनलों को कुल 3.39 अरब व्यूज मिले। अमेरिका का टॉप स्लॉप चैनल क्यूनटोस फेसीएनटेस 1.28 अरब व्यूज जुटा चुका है और इससे क्रिएटर्स को करीब 2.66 मिलियन डॉलर की कमाई होने का अनुमान है।*

### ऑफिस वर्क में भी घुसा एआई स्लॉप

रिपोर्ट बताती है कि एआई जनरेटेड कंटेंट सिर्फ वीडियो तक सीमित नहीं है। मई 2025 तक इंटरनेट पर मौजूद लिखित कंटेंट में से 50 प्रतिशत से ज्यादा अब एआई से लिखा गया माना जा रहा है। एआई का असर प्रोफेशनल वर्कप्लेस पर भी दिख रहा है। अमेरिका में 10 में से 4 कर्मचारी प्रोफेशनल काम में एआई स्लॉप का शिकार हैं। यह ऐसा एआई कंटेंट होता है जो देखने में प्रोफेशनल लगता है, लेकिन असल काम में कोई ठोस वैल्यू नहीं जोड़ता। खासतौर पर आईटी और कंसल्टिंग सेक्टर इससे ज्यादा प्रभावित हैं।

लद्दाख भूमि रिकॉर्ड वेब पोर्टल लॉन्च

# सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदमः एलजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर कविंदर गुप्ता ने राजस्व विभाग द्वारा लद्दाख भूमि रिकॉर्ड वेब जीआईएस पोर्टल लॉन्च किया है। यह नागरिकों को सरल, पारदर्शी और विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपराज्यपाल कविंदर ने कहा कि पोर्टल का लॉन्च सुशासन और डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भूमि रिकॉर्ड किसी भी प्रशासन की आधारशिला होते हैं, जिसमें स्पष्ट, अद्यतन और प्रामाणिक रिकॉर्ड नागरिकों के


लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता

अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ विकास योजना और नीतिगत निर्णय लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि लद्दाख में भूमि रिकॉर्ड को प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली के माध्यम से आधुनिक बनाया जा रहा है ताकि जनता सीधे इस अभ्यास से लाभान्वित हो सके। ऑनलाइन पहुंच प्रदान करेगा, कार्यालयों में बार-बार जाने की आवश्यकता को कम करेगा।

# ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का दण्ड दीक्षा संन्यास दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

हरिभूमि, जबलपुर।



श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में पूज्यपाद अनन्तश्रीविभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदापीठाधीश्वर ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री का दण्ड दीक्षा–संन्यास दिवस श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। इस पावन अवसर पर ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज श्री एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद जी महाराज श्री ने अपने करकमलों से परम पूज्य महाराज श्री की पादुका का विधिवत पूजन कर महाआरती संपन्न कराई। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजन-अर्चन कर धर्मलाभ अर्जित किया।


**अद्वैत परंपरा के महान संवाहक–** ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद जी महाराज श्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय इतिहास में एकता के प्रतीक श्रीमद् आदिशंकराचार्य द्वारा स्थापित अद्वैत वेदांत परंपरा को सर्वोत्तम मानते हुए, विखंडित समाज में शंकराचार्य के विचारों का पुनः प्रसार आज के समय की आवश्यकता है। इसी संकल्प की पूर्ति हेतु ईस्वी सन् 1950 में ज्योतिष्पीठ के तत्कालीन शंकराचार्य स्वामी श्री ब्रह्मानंद सरस्वती जी महाराज से कोलकाता में गंगा तट पर विधिवत दण्ड संन्यास दीक्षा लेकर वे 'स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती' नाम से प्रसिद्ध हुए।

उन्होंने बताया कि आदिशंकराचार्य द्वारा स्थापित चार पीठों की परंपरा में एक साथ दो पीठों पर विराजमान रहने वाले शंकराचार्य के रूप में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का स्थान अद्वितीय है। वे करोड़ों सनातन हिंदू धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणापुंज और आस्था के मजबूत स्तंभ रहे। उनके विराट व्यक्तित्व और कृतित्व के विषय में सम्पूर्णता के साथ लिख पाना किसी के लिए भी संभव नहीं है।

**गणमान्य श्रद्धालुओं की उपस्थिति–** कार्यक्रम में आचार्य राजेन्द्र शास्त्री, अखिलेश त्रिपाठी, भारत सिंह यादव, अमित जसुजा, जय सचदेवा, ऋचा मिश्रा, संगीता त्रिपाठी, प्रीति साहू, रोहित तिवारी, रिया तिवारी, मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने महाराज श्री के श्रीचरणों में नमन कर उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

## 1 जनवरी को मानस भवन में होगी पूर्णाहुति

# 25 हजार सुंदरकांड पाठ का संकल्प पूर्ण



**जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस की सफलता के लिए शहर एवं ग्रामीण अंचलों में पिछले दो माह से चल रहे 25 हजार सुंदरकांड पाठ का संकल्प सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। पाटन विधानसभा क्षेत्र के मझौली अंचल की लगभग 80 ग्राम पंचायतों में 2100 सुंदरकांड पाठ संपन्न कराए गए, जबकि जबलपुर शहर सहित अन्य जिलों में भी विभिन्न स्थानों पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए। सुंदरकांड प्रभारी विनोद दुबे ने बताया कि संकल्प की भव्य पूर्णाहुति 1 जनवरी 2026 को मानस भवन, जबलपुर में सुंदरकांड पाठ के साथ की जाएगी। इस अवसर पर आयोजन से जुड़ी समितियों एवं सहयोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों ने अधिक से अधिक नागरिकों से उपस्थित होकर इस आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# नववर्ष पर श्री पिसनहारी तीर्थ में महामस्तिष्काभिषेक आज



**जबलपुर।** नववर्ष 2026 के प्रथम दिवस पर नगर के एकमात्र जैन तीर्थ श्री पिसनहारी तीर्थ में परंपरानुसार श्री 1008 महावीर स्वामी, नंदीश्वर द्वीप के 52 जिनालयों एवं पंचमेरू का भव्य महामस्तिष्काभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन किया जा रहा है। ट्रस्ट के महामंत्री संजय अरिहंत ने बताया कि यह कार्यक्रम परमपूज्य गुरुवर विद्यासागर महाराज की तपोस्थली श्री पिसनहारी तीर्थ में आचार्य समयसागर के परम शिष्यों परमपूज्य 108 निर्दोषसागर, 108 निरूपम सागर, 108 निर्लोभ सागर जी एवं 105 आर्यिका तपोमती माताजी ससंघ के मंगल सानिध्य में संपन्न होगा। विधि-विधान ब्रह्मचारी अजित जी (लल्लन भैया) के निर्देशन में किए जाएंगे। ट्रस्ट अध्यक्ष राजेंद्र मम्मा सहित पदाधिकारियों ने धर्मप्रेमीजनों से परिवार सहित उपस्थित होकर महामस्तिष्काभिषेक, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों का लाभ लेने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम का संचालन उद्घोषक अमित पढ़रिया तथा संगीतमय पूजन संगीता जैन (पुरवा) द्वारा किया जाएगा।

# अंतर महाविद्यालयीन महिला क्रिकेट 2025 में महाकौशल महाविद्यालय बना विजेता



**जबलपुर।** म.प्र. उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2025 के तहत ज्ञान गंगा कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित दो दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में महाकौशल महाविद्यालय विजेता बना। पहले सेमीफाइनल में यू.टी.डी. ने सेंट अलॉयसियस और महाकौशल महाविद्यालय ने मानकुंवर महाविद्यालय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे दिवस के फाइनल मुकाबले में महाकौशल महाविद्यालय ने यू.टी.डी. को 9.2 ओवर में मात दी। विजयी पारी में भूमि सिंह ने 55 रन बनाए, जबकि यू.टी.डी. की रागिनी ने 3 विकेट लिए। मुख्य अतिथि डॉ. कीर्ति विश्वकर्मा और विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुधीर उपाध्याय उपस्थित रहे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई और मैच के पश्चात जिले की टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री मूर्ति दास यादव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन संगठन सचिव डॉ. रमेश शुक्ला द्वारा किया गया।

# एम.पी. ट्रांसको के मुख्य अभियंता राजेश द्विवेदी आज होंगे सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के मुख्य अभियंता श्री राजेश द्विवेदी 37 वर्षों की दीर्घ सेवा के उपरांत 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अति उच्च दाब ट्रांसमिशन लाइनों के मेंटेनेंस एवं सबस्टेशनों के निर्माण कार्यों में विशेषज्ञता रखने वाले श्री द्विवेदी ने अपने सेवाकाल में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल तथा एम.पी. ट्रांसको में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए उल्लेखनीय योगदान दिया।

# मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र कंपनी के दो कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दो अधिकारी/कर्मचारी आज 31 दिसंबर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यालय मुख्य अभियंता (प्रवर्तन), शहडोल में अधीक्षण अभियंता पद पर पदस्थ श्री रत्नेश्वर प्रसाद सोनी 37 वर्ष 7 माह की सेवा पूर्ण करने के बाद सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वहीं मुख्य महाप्रबंधक (संचा./संधा.) कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी-3 के पद पर पदस्थ श्री अतुल कुमार टिपरे 34 वर्ष 4 माह की सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

# राही फाउंडेशन ने नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**जबलपुर।** स्थानीय क्षेत्र में राही फाउंडेशन के तत्वाधान में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विक्टोरिया अस्पताल में उपचाररत नशे से पीड़ित युवाओं को सामाजिक कार्यकर्ता ताहिर ख़ान और आनंद कुमार बंशकार ने 'पीयर-मोटिवेशन थेरेपी' और 'अपनी कहानी-अपनी जुवानी' क्रियाकलाप के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों और नशा छोड़ने के सरल उपायों के बारे में बताया। कार्यक्रम में युवाओं ने अपनी नशे में लिप्त होने की व्यक्तिगत कहानियां साझा की और नशा छोड़ने का संकल्प लिया। इस अवसर पर 'पीयर-मोटिवेशन' को नशामुक्ति का आवश्यक कदम बताया गया।

# शक्तिभवन में अग्निशमन प्रशिक्षण व मॉकड्रिल आयोजित



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के सुरक्षा विभाग एवं सिविल संभाग शक्तिभवन द्वारा विद्युत कंपनियों के मुख्यालय शक्तिभवन के विभिन्न ब्लॉकों में अग्निशमन प्रशिक्षण एवं मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभियंता, महिला-पुरुष कार्मिक एवं सुरक्षा सैनिक शामिल हुए। मॉकड्रिल के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ) युक्त अग्निशमन यंत्र का जीवंत प्रदर्शन कर इसके सही संचालन की जानकारी दी गई। पावर मैनेजमेंट कंपनी के अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) अनुराग नायक ने मॉकड्रिल का अवलोकन कर सिविल एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता (सिविल) धर्मेन्द्र वर्मा ने बताया कि शक्तिभवन के सभी कार्यालयों में सीओ युक्त अग्निशमन यंत्र लगाए गए हैं, जिनकी नियमित जांच की जाती है तथा समय-समय पर कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आपात स्थिति में वे स्वयं इनका उपयोग कर सकें। इस अवसर पर सुरक्षा विभाग एवं सिविल संभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।

# प्रदर्शनी में शहर के युवा कलाकारों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन 2, 3 एवं 4 जनवरी को मानस भवन, जबलपुर में किया जा रहा है। सम्मेलन के प्रथम चरण के अंतर्गत मानस भवन की आर्ट गैलरी में 28 दिसंबर से रामायण पर आधारित भव्य कला प्रदर्शनी लगाई गई है, जिसे दर्शकों की सराहना मिल रही है। प्रदर्शनी में शासकीय ललितकला महाविद्यालय, जबलपुर के विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई रियलिस्टिक, तंजौर एवं केरल म्यूरल शैली की पेंटिंग्स विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इन चित्रों में रामायण के सातों कांडों के प्रमुख दृश्यों को एक्रेलिक रंगों के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह कला प्रदर्शनी न केवल रामायण की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को दर्शाती है, बल्कि शहर के युवा कलाकारों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच भी प्रदान कर रही है।

# स्वच्छता व शुद्ध हवा के लिए निगमायुक्त ने किया पांच संभागों का औचक निरीक्षण



**जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और धूल मुक्त बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने मंगलवार सुबह शहर के पांच अलग-अलग संभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और वायु गुणवत्ता सुधार के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निगमायुक्त ने रामपुर, सिविल लाइन एवं रांझी क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए कहा कि सड़कों के किनारे उड़ने वाली धूल प्रदूषण का प्रमुख कारण है। इसे रोकने के लिए सड़कों के किनारों पर एंड टू एंड पेवर ब्लॉक लगाने, डिवाइडरों में सघन पौधरोपण करने तथा ग्रीन ग्रास विकसित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान साईं मंदिर चौराहे को व्यवस्थित व सुंदर बनाने हेतु योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं रांझी क्षेत्र में कायाकल्प योजना के तहत बनी सड़कों की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर निगमायुक्त ने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया।

### आरटीओ संतोष पाल, क्लर्क रेखा की प्रापर्टी ईडी ने की जब्त

# वैध आय 73.26 लाख, कमाए 4.80 करोड़

हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष पॉल व सीनियर क्लर्क रेखा पॉल की चल-अचल संपत्ति को प्रवर्तन निदेशालय भोपाल ने जब्त कर लिया है। संतोष पॉल पर करीब 3 साल पहले ईओडब्ल्यू की जबलपुर ईकाई ने दबिश देकर आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया था।

ईडी ने यह कार्रवाई आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) भोपाल द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत संतोष पॉल और रेखा पॉल के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच के बाद की है. संपत्ति जब्ती पीएमएलए 2002 के प्रावधान के आधार पर की है. इन पर आय के घोषित सोर्स से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था। ईडी की जांच में यह पता चला कि इन लोक सेवकों ने जांच अवधि के दौरान अपनी वैध आय से काफी अधिक चल और अचल संपत्ति अर्जित की थी।

**सुनियोजित तरीके से बार-बार नगद जमा–**ईडी की जांच में पता चला कि 73.26 लाख रुपए की सत्यापित वैध आय के साथ संतोष पॉल और रेखा पॉल ने लगभग 4.80 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित की और खर्च किए. जिसके चलते लगभग 4.06 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति बन गई. जांच में ऋण की ईएमआई भुगतान से ठीक पहले उनके बैंक खातों में सुनियोजित तरीके से बार-.बार नकद जमा किए जाने का पता चला, जिससे खुलासा हुआ कि इन्होंने बेहिसाब नकदी को बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया था.

**जबलपुर का मकान, भूखंड जब्त भी जब्त–**

ईडी द्वारा दोनों ही आरोपियों की जब्त की गई संपत्तियों में जबलपुर जिले में स्थित आवासीय मकान, आवासीय भूखंड, कृषि भूमि व व्यवसायिक दुकानें शामिल हैं, जिन्हें आय के रूप में अस्थायी रूप से जब्त किया गया है.

**3 साल पहले ईओडब्ल्यू ने दी थी दबिश–**

ईओडब्ल्यू ने संतोष पाल के यहां तीन साल पहले अगस्त 2022 में छापेमारी की थी. इस जांच में जबलपुर के आरटीओ के पास 16 लाख नगद मिले थे. घर में पाल ने अपना निजी थिएटर तक बना रखा था. काली कमाई से थियेटर में लाल सीटें लगा रखी थीं जो सामने आई थीं. जांच के दौरान आरटीओ संतोष पाल सिंह के कई घर कई गाडियां और दस्तावेज मिले थे।

# विद्वानों ने की गीता भवन की सराहना



**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा श्रीमद्भगवत गीता के स्वरूप को जानने समझने के साथ व्यक्तियों को बहुउद्देशीय ज्ञान प्राप्त करने के लिए गीता भवन के स्वरूप को विकसित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का संकल्प और उनकी मंशा अनुसार गीता भवन बनाए जा रहे जिसमें अध्ययन में रूचि रखने वाले अपने ज्ञान को गीता भवन के माध्यम से अपना सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। गीता भवन के निरीक्षण के दौरान नरसिंहपीठाधीश्वर स्वामी नरसिंहदास महाराज के द्वारा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप नगर निगम द्वारा विकसित की गयी गीता भवन की सराहना की गयी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि गीता भवन में धर्म और आस्था की पुस्तकों के साथ साहित्य की सभी हिंदी इंग्लिश की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई है साथ ई-लाईब्रेरी के संबंध भी उनके द्वारा जानकारी दी गयी। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने गीता भवन के अंदर अन्य सुविधाओं का भी सभी विद्वानों के साथ अवलोकन किया गया। आज आयोजित बैठक एवं भ्रमण के दौरान नरसिंहपीठाधीश्वर नरसिंहदास महाराज, संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान रहसबिहारी द्विवेदी, गायत्री परिवार से श्री ब्रजबिहारी शर्मा, नरेश तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, श्रीमती गीता डोंगरे, प्रमोद राय, प्रेम शंकर पटेल, भैयाराम पटेल के साथ निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, व्ही.एन. बाजपेयी, मनोज श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त आनंद मिश्रा, सागर बोरकर, नगर निगम संस्कृत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ नर्मदा प्रसाद शर्मा, प्राचार्य डॉ शैलेन्द्र पांडेय, श्रीमती दीप्ति शर्मा, श्रीमती रागिनी गर्ग, श्रीमती कीर्ति परोहा आदि उपस्थित रहे।

# कैंट में महाराजा पासी कैलेंडर का विमोचन



**जबलपुर।** कैंट क्षेत्र के पासी समाज मंगल भवन में अखिल भारतीय पासी समाज, जबलपुर के तत्वाधान में महाराजा बिजली पासी जी का कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रीना बोरासी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की पूर्व राज्य मंत्री कौशल्या गोटिया, चमन पासी, गोविंद बावरिया, पूर्व पार्षद बावरिया नितिन बावरिया, एडवोकेट अनिल बावरिया, राम पासी, सुरेंद्र यादव, राजेंद्र मिश्रा, रितेश तिवारी, राजेंद्र पिल्ले और किरण ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं./संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/203
दिनांक :- 30/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती भारती सिध्दा पति श्री कृष्णा सिध्दा ने मकान नं. 369 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 6277 व.फु., प्रथमतल 320+776 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं./संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/202
दिनांक :- 30/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती रूमा दासगुप्ता पति स्व. श्री अभिजीत दासगुप्ता (2) श्री नयन दासगुप्ता पिता स्व. श्री अभिजीत दासगुप्ता ने मकान नं. दत्त एक्जोटिका वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल-140 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 , नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं./संभा.अधि./13/मुख्यालय 2025-26/एम/142
दिनांक :- 30/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री वीरेन्द्र दीक्षित पिता श्री कामता प्रसाद दीक्षित (2) श्रीमती आरती पाण्डे पिता श्री सी.बी. पाण्डे एवं श्री वीरेन्द्र दीक्षित ने मकान नं. 913.2 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-1625 व.फु. विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।


राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ

# भक्ति व उल्लास में अयोध्या, अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण आज, अनुष्ठान में शामिल होंगे राजनाथ और सीएम

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ पर बुधवार को राम



मंदिर परिसर में राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में 11 बजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राम जन्मभूमि परिसर में पहुंचेंगे। ऐसे में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रक्षा मंत्री राजनाथका स्वागत करेंगे। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होगा। पौष शुक्ल की द्वादशी पर 2024 में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

### जनता को संबोधित भी करेंगे

रक्षा मंत्री राजनाथ लगभग 3 घंटे से ज्यादा रामनगरी में रहेंगे। राम मंदिर के प्रतिष्ठा द्वादशी के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता करेंगे। इस दौरान वे मां अन्नपूर्णा के मंदिर पर ध्वजारोहण भी करेंगे। वहीं राम मंदिर के निकास द्वार अंगद टीला पर रक्षा मंत्री राजनाथ और मुख्यमंत्री योगी जनता को संबोधित करेंगे।



### भव्य पंडाल बनकर तैयार

मुख्य समारोह की सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। भव्य पंडाल बनकर तैयार है। सुरक्षा एजेंसियों की ओर से लगातार चौकसी बरती जा रही है। रक्षामंत्री रामलला की आरती उतारेंगे। राम जन्मभूमि परिसर में अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण भी किया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद

आयोजन को लेकर अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।महोत्सव को लेकर अधिकारियों ने कमर कस ली है। अयोध्या धाम को 5 जोन और 10 सेक्टरों में बांटा गया है। पूरी अयोध्या नगरी में हाई अलर्ट कर दिया गया है। प्रशासन की ओर से अयोध्या धाम की सुरक्षा में 3000 जवानों की ड्यूटी लगाई गई है।

### संभागीय आयुक्त ने सभी व्यवस्थाओं को परखा

संभागीय आयुक्त राजेश कुमार ने कहा कि रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री हनुमानगढ़ी और राम मंदिर जाएंगे। पूरा कार्यक्रम फाइनल हो गया है, सभी इंतजाम कर लिए गए हैं और सारी व्यवस्थाओं को देखा गया है। हमें 31 तारीख और 1 तारीख को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है और हमने उसी हिसाब से सभी तैयारियां की हैं। अलग-अलग जगहों पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। और हम वाराणसी के भी संपर्क में हैं।

## खबर संक्षेप

### लुलु मॉल पर कार्रवाई टैक्स न देने पर खाता फ्रीज

**लखनऊ।** आयकर विभाग ने लुलु मॉल का बैंक खाता फ्रीज कर दिया



है। 27 करोड़ के आयकर का भुगतान न किए जाने पर यह कदम उठाया गया। देनदारी और लेनदेन से जुड़े कई दस्तावेजों की समीक्षा की गई, जिसमें कर चोरी के संकेत मिले। विभाग का कहना है कि बकाया कर राशि को लेकर कंपनी को पहले नोटिस जारी किए गए थे।

### मथुरा में सनी लियोनी का कार्यक्रम रद्द

**मथुरा।** फिल्म अभिनेत्री सनी लियोनी का मथुरा दौरा रद्द हो गया



है। अभिनेत्री का एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने का दौरा प्रस्तावित था, लेकिन साधु-संतों के विरोध के बाद होटल संचालक ने कार्यक्रम रद्द कर दिया। दिनेश फलाहरी महाराज ने डीएम को पत्र भी लिखा था। उन्होंने इस पर रोक लगाने की मांग की की थी। कहा कि धर्म नगरी को हम कलंकित नहीं होने देंगे।

### आप का जनरल सेक्रेटरी जोशी गिरफ्तार

**सूरत।** सूरत में आप के नेता श्रवण जोशी को गिरफ्तार किया गया है। सूरत एसओजी की टीम जोशी को



जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। सूरत शहर के लिंबायत इलाके में सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सस्ती अनाज की दुकान के मालिक ने आप से जुड़े महामंत्री और कार्यकर्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### पूर्व एएजी की पत्नी की हत्या, गहने-कैश ले उड़े

**मोहाली।** पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व एडिशनल एडवोकेट



जनरल कृष्ण कुमार गोयल की पत्नी अशोक गोयल की मोहाली के फेज 5 स्थित उनके घर पर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह घर में काम करने वाली महिला वहां पहुंची, अशोक गोयल की बॉडी देखी और तुरंत पुलिस को बताया। इस दौरान पुलिस को नौकर कुर्सी से बंधा मिला। आरोपी ज्वेलरी और कैश लेकर फरार हो गए।

### महाराष्ट्र में महसूस किए गए भूकंप के झटके

**हिंगोली।** महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके



महसूस किए गए। राहत की बात यह है कि तीव्रता कम होने के कारण किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है।भूकंप सुबह करीब 6 बजे से ठीक पहले आया, जब अधिकतर लोग सो रहे थे। कुछ इलाकों में लोग घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा कि भूकंप का केंद्र जमीन से सिर्फ 10 किलोमीटर नीचे था।

## शाह का 'मिशन बंगाल' : बंगाल में आगामी चुनाव की गरमाहट बढ़ी, सियासत पर बोले गृहमंत्री शाह

*गृह मंत्री शाह ने कोलकाता में की प्रेस वार्ता*

# चुनावी लाभ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही ममता सरकार, इसी मुद्दे पर होगा आगामी चुनाव

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में अगले साल होने वाले विधानसभा के चुनाव को लेकर राज्यभर में सियासी गररमाहट तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। इसी के कारण आरोप-प्रत्यारोप भी अपने चरम पर है। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस वार्ता की।

उन्होंने राज्य की टीएमसी पर जमकर निशाना साधा। घुसपैठ, भ्रष्टाचार, प्रशासन समेत कई मुद्दों को लेकर शाह ने ममता सरकार को आड़े हाथ लिया। शाह ने कहा कि ममता चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं। बंगाल सरकार द्वारा हमें जमीन न दिए जाने के कारण हम बांग्लादेश सीमा की बाड़बंदी पूरी नहीं कर पाए हैं। 2026 में बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव घुसपैठ रोकने और घुसपैठियों को बाहर निकालने इन्हीं मुद्दों पर लड़े जाएंगे।

- *राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगी*
- *राज्य की ममता सरकार को लिया आड़े हाथ*
- *टीएमसी के शासन में यहां भय और भ्रष्टाचार बढ़ा*



### बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दे रही राज्य सरकार

अमित शाह ने बंगाल सरकार पर बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए राज्य सरकार जमीन नहीं दे रही, जिसकी वजह से घुसपैठ की समस्या बनी हुई है। त्रिपुरा, असम, राजस्थान, पंजाब, कश्मीर और गुजरात की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों रुक गई, लेकिन पश्चिम बंगाल में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि बंगाल में राज्य सरकार की जानकारी में घुसपैठ हो रही है और इसका मकसद जनसंख्या में बदलाव कर वोट बैंक मजबूत करना है। शाह ने साफ कहा कि बंगाल सीमा से हो रही घुसपैठ देश की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

### ममता का शाह पर बड़ा हमला

#### शकुनि का चेला दु:शासन...



केंद्रीय गृह मंत्री शाह के पश्चिम बंगाल दौरे को लेकर टीएमसी चीफ ममता बेनर्जी करारा हमला बोला है। ममता ने कहा कि शकुनि का चेला दुशासन बंगाल में जानकारी इकट्ठा करने आया है। जैसे ही चुनाव आते हैं, दुशासन और दुर्योधन दिखने लगते हैं। आज वे कह रहे हैं कि ममता बनर्जी ने जमीन नहीं दी। पेट्रापोल और अंडाल में ज़मीन किसने दी? घुसपैठिए सिर्फ़ बंगाल से ही आते हैं। अगर ऐसा है, तो क्या आपने पहलगाम में हमला किया था? दिल्ली में हुई घटना के पीछे कौन था?

#### इस बार खेला का नाम फाटाफटी होगा

ममता ने कहा कि हम बंगाल जीतेंगे और उन्हें लोकतांत्रिक तरीके से देश से बाहर निकाल देंगे। चुनाव आयोग भाजपा का बड़ा दलाल है। भाजपा हमेशा नहीं रहेगी। एसआईआर की वजह से 57 लोगों की मौत हुई है, उनके नाम पर स्मृति बेदी बनाई जाएगी। मुझे गोली मार के हत्या कर दो, सारी समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन वह भी नहीं कर पाओगे। इस बार के खेला का नाम फाटाफटी होगा।

### बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार से हो रही

शाह ने कहा कि बंगाल के लिए आज से अप्रैल तक का समय बेहद अहम है, क्योंकि इस दौरान राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले 15 साल में टीएमसी सरकार के शासन में राज्य में भय, भ्रष्टाचार और गलत प्रशासन फैला है, जिसके कारण बंगाल में आम नागरिकों में चिंता का माहौल बन गया है। शाह ने कहा कि भ्रष्टाचार के कारण बंगाल का विकास रुक गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याण योजनाएं यहां टोल सिंडिकेट की भेंट चढ़ गई हैं। बंगाल की पहचान डर और भ्रष्टाचार बन गई है।

### मैंने सीएम ममता को 7 बार किया आगाह, पत्र भी लिखा

शाह ने कहा कि भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने खुद ममता को सात पत्र लिखे हैं, लेकिन राज्य सरकार अब तक जमीन नहीं दे रही है। अमित शाह ने बताया कि पिछले छह साल में गृह सचिव तीन बार बंगाल गए और राज्य के मुख्य सचिव के साथ बैठकें भी हुईं, इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने सवाल किया कि टीएमसी सरकार को जमीन देने में किस बात का डर है और क्या राज्य सरकार की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती। शाह ने आरोप लगाया कि बंगाल सरकार घुसपैठियों के दस्तावेज बना रही है, जिससे घुसपैठ लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि टीएमसी सरकार घुसपैठ रोकने में पूरी तरह नाकाम रही है और इससे बंगाल की जनसंख्या संरचना तेजी से बदल रही है, जो बेहद चिंताजनक है।

### अगले साल बंगाल में भाजपा बनाएगी सरकार, आंकड़े भी किए पेश

शाह ने जोर दिया कि 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा बंगाल में दो-तिहाई बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने आंकड़े गिनाते हुए कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में भाजपा को 17% वोट और तीन सीटें मिलीं। 2019 लोकसभा चुनाव में वोट बढ़कर 41% और सीटें 18 हो गईं। 2021 विधानसभा चुनाव में भाजपा को 21% वोट और 77 सीटें मिलीं और 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी को 39% वोट और 12 सीटें मिलीं। जो पार्टी 2016 में सिर्फ 3 सीटों पर थी, वह 5साल में 77 सीटों तक पहुंच गई। कांग्रेस शून्य पर पहुंच गई और वाम दलों को एक भी सीट नहीं मिली।

### अधीर रंजन ने पीएम से की कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की। इस समय में यह



बैठक खास अहमियत रखती है क्योंकि बंगाल में विधानसभा चुनाव अगले साल मार्च-अप्रैल में होने हैं। इस मुलाकात में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें बंगाल में एसआईआर को लेकर चिंताएं शामिल थीं। इसके अलावा कई राज्यों में बंगाली भाषी लोगों के खिलाफ हिंसा की अलग-अलग घटनाओं पर भी बातचीत हुई। पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान कांग्रेस सांसद ने देश के अलग-अलग हिस्सों, खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषा बोलने वाले लोगों पर हो रहे हमलों का मुद्दा उठाया। चौधरी ने प्रधानमंत्री से मांग की कि वे इस मामले में तुरंत दखल दें, क्योंकि ऐसे हमलों से पश्चिम बंगाल में सांप्रदायिक तनाव और हिंसा फैल सकती है।

## 'सर्व धर्म पूजा' के साथ एनसीसी गणतंत्र दिवस कैंप शुरू



**नई दिल्ली।** एनसीसी का प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस कैंप प्रारंभ हो गया है। इसकी शुरुआत मंगलवार को दिल्ली कैंट स्थित करिअप्पा परेड ग्राउंड में हुई। यहां पारंपरिक 'सर्व धर्म पूजा' के साथ एनसीसी का कैंप शुरू किया गया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह करीब 1 माह तक चलेगा। इस दौरान विभिन्न इंटर-डायरेक्टरेट प्रतियोगिताएं होंगी। कैंप में कई अन्य प्रमुख आयोजन भी होंगे।

## साणंद में पथराव के बाद तनाव

# हालात काबू में, पुलिस ने 42 को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ साणंद

गुजरात के साणंद में 2 गुटों के बीच टकराव बढ़ने पर पथराव किए जाने की खबर है। तनाव बढ़ने पर मौके पर पहुंची गुजरात पुलिस की टीम ने कई लोगों को अपनी गिरफ्त में भी लिया। पुलिस ने



स्थिति को काबू में कर लिया है। कई लोगों को एहतियातन हिरासत में भी लिया गया है। साणंद तालुका में सोमवार को पथराव हुआ। मंगलवार को हालात और खराब हो गए, जब गांव में एक जगह पर आगजनी की गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने ड्रोन की मदद से खेतों में छिपे असामाजिक तत्वों को ढूंढ निकाला। अब तक इस मामले में कुल 42 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीट बंटवारे पर महायुति में टकराव सामने आया

# अठावले ने लगाया विश्वासघात का आरोप और 38 सीटों पर लड़ने का किया ऐलान

*केवल सात सीटों का प्रस्ताव देना नहीं था व्यावहारिक*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र की सियासत में महायुति के भीतर खींचतान खुलकर सामने आ गई है। केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास अठावले ने बीएमसी चुनाव के लिए सीट बंटवारे में अपनी पार्टी को बाहर रखे जाने को विश्वासघात करार दिया। उन्होंने साफ किया कि उनकी पार्टी 38 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी सीटों पर भाजपा और शिवसेना को समर्थन देती रहेगी।

### इससे हमारे कार्यकर्ता नाराज थे

अआवले ने कहा कि महायुति के गठन के बाद से उनकी पार्टी पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ गठबंधन के साथ खड़ी रही। लेकिन बीएमसी चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर जो फैसला हुआ, उससे आरपीआई (ए) के कार्यकर्ताओं में भारी नाराज़गी है। उन्होंने कहा कि देर रात केवल 7 सीटों का प्रस्ताव देना व्यावहारिक नहीं था और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### भाजपा ने हमें नजरअंदाज किया

अठावले ने कहा कि नागपुर, अमरावती और औरंगाबाद जैसे कई शहरों में हमें सीटें नहीं दी गईं। नालासोपारा में हमें एक भी सीट नहीं मिली। आरपीआई को भिवंडी में एक सीट मिली। कल्याण-डोम्बिवली में एक भी सीट नहीं दी गई। इसलिए, भाजपा ने कई जगहों पर आरपीआई को नजरअंदाज करने की कोशिश की है।

## कांग्रेस नेता राहुल, प्रियंका और वाड्रा पहुंचे सवाई माधोपुर

# पूरा परिवार 2 तक ठहरेगा, नेशनल पार्क का लेगा 'नजारा'

एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और उद्योगपति रॉबर्ट वाड्रा अपने परिवार के साथ मंगलवार को सवाई माधोपुर पहुंचे। गांधी-वाड्रा परिवार का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दिल्ली से सड़क मार्ग से सवाई माधोपुर आया। यह यात्रा निजी बताई जा रही है।

परिवार ने रणथंभौर स्थित होटल शेरबाग में ठहरने की व्यवस्था की है। गांधी-वाड्रा परिवार 2 जनवरी तक रणथंभौर में रहेगा। इस दौरान परिवार रणथंभौर नेशनल पार्क घूमने का भी कार्यक्रम करेगा। परिवार के साथ उनके कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद हैं।

### परिवार के साथ उनके कुछ करीबी दोस्त भी मौजूद



यात्रा को बताया गया निजी

#### सुजान शेर बाग होटल में मनाएंगी नया साल

*रणथंभौर नेशनल पार्क की सीमाओं से सटा सुजान शेर बाग होटल पर्यटकों को प्रकृति और विलासिता का अनोखा संगम है। इस क्षेत्र में स्थित यह होटल घने जंगलों, प्राचीन खंडहरों और समृद्ध वन्यजीवों से घिरा हुआ है। यहीं नया साल मना सकती हैं।*

#### तीनों परिवार मिलकर रणथंभौर नेशनल पार्क का करेंगे भ्रमण

बताया जा रहा है कि प्रियंका के बेटे रेहान वाड्रा की सगाई दिल्ली निवासी अवीवा बेग से हो चुकी है। ऐसे में गांधी-वाड्रा परिवार के साथ अवीवा बेग के परिवार के भी रणथंभौर पहुंचने की अटकलें हैं। बताया जा रहा है कि तीनों परिवार मिलकर रणथंभौर नेशनल पार्क का भ्रमण करेंगे। रेहान पेशे से फोटोग्राफर हैं और अवीवा बेग भी फोटोग्राफर हैं। दोनों परिवारों की सहमति के बाद दिल्ली में एक बेहद निजी समारोह में रेहान और अवीवा की सगाई संपन्न हुई।

#### परिवार का रहा रणथंभौर से गहरा लगाव

गांधी-वाड्रा परिवार का रणथंभौर से पुराना और गहरा जुड़ाव रहा है। प्रियंकाअक्सर रणथंभौर आती रहती हैं, जबकि राहुल और सोनिया गांधी भी कई बार यहां आ चुके हैं। प्रियंका का परिवार साल में दो से तीन बार रणथंभौर आता है और नेशनल पार्क में बाघों की अठखेलियां देखने का आनंद लेता है। इस बार भी गांधी-वाड्रा परिवार रणथंभौर पहुंचा है और यहां भ्रमण के साथ नए साल का जश्न मनाने की तैयारी है। हालांकि इस बार सोनिया परिवार के साथ नहीं आईं। बताया जा रहा है कि रेहान और अवीवा की सगाई से जुड़ी कुछ रस्में होटल शेरबाग में हो सकती हैं, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## 'कार्तिक जतरा' में बोलीं राष्ट्रपति

# जनजातीय समाज आधुनिक शिक्षा, तकनीक को अपनाए


एजेंसी ▶▶ गुमला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को झारखंड के गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में अंतरराज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज की अस्मिता और विरासत को संरक्षित रखने की जरूरत पर जोर दिया।

राष्ट्रपति ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा, विज्ञान और तकनीक के माध्यम से आगे बढ़ें। शिक्षा विकास की सबसे बड़ी पूंजी है और इसके विस्तार-प्रसार से ही समाज तथा राज्य का



समग्र विकास संभव है। गुमला निवासी महान जनजातीय नायक पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की स्मृति को नमन करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वे सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। उन्होंने अपनी माटी और अपने लोगों के लिए समर्पित रखा । उसी भावना के साथ 'कार्तिक जतरा' के से लोग उन्हें याद कर रहे हैं, जो अपने आप में एक सार्थक पहल है।




नई दिल्ली। चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग, या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, वर्ष 2025 में भारतीय महिला खिलाड़ियों ने प्रत्येक खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

## 2025 में रहा नारी शक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# भारतीय महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में छोड़ी अपनी अमिट छाप

### दिव्या बनीं भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता



शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर और सोशल मीडिया पर हो रहे ताने-बाने को नजरअंदाज करते हुए महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा।



### दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम बनीं विश्व चैंपियन

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। मुक्केबाजी में जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर मनोबल बढ़ाया। भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका।

### पहलवान अंतिम पंघाल ने किया शानदार प्रदर्शन



कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।

### सुरुचि सिंह ने जीता विश्व कप में गोल्ड

निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई।



### तीरंदाज शीतल देवी बनीं बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन



फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टाम एक के बाद एक झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं।

## खबर संक्षेप



### सारिना विगमैन को मिला डेमहुड सम्मान

**लंदन।** इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम की मुख्य कोच सारिना विगमैन को मानद डेमहुड से सम्मानित किया गया है। किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से नए साल के अवसर पर सम्मानित होने वाले व्यक्तियों की सूची में नीदरलैंड की रहने वाली 56 वर्षीय कोच विगमैन का नाम भी शामिल है। विगमैन के कोच रहते हुए इंग्लैंड की महिला फुटबॉल टीम ने इस साल गर्मियों में लगातार दूसरी बार यूरो कप का खिताब जीता था। इसके अलावा टीम उनकी अगुवाई में 2023 में विश्व कप के फाइनल में भी पहुंची थी। विगमैन ने कहा, 'जब मैं पहली बार इंग्लैंड आई थी, तो मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इतना सम्मान और स्नेह मिलेगा।

### 10 जनवरी को अहमदाबाद में राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) देश में खेलों में खिलाड़ियों के नेतृत्व वाली संचालन व्यवस्था और जवाबदेही को मजबूत करने के उद्देश्य से 10 जनवरी को अहमदाबाद में पहले राष्ट्रीय खिलाड़ी मंच का आयोजन करेगा। आईओए ने कहा कि यह मंच प्रत्यक्ष और समाधान उन्मुख जुड़ाव के लिए देश भर के मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों, खिलाड़ियों के प्रतिनिधियों और प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा। मंच खिलाड़ियों के अधिकारों और जिम्मेदारियों, नैतिक और पारदर्शी संचालन, सुरक्षित खेल और अखंडता, मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण, डोपिंग रोधी शिक्षा, शिकायत निवारण और संरचित करियर बदलाव राह सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने दी प्रो लीग बहिष्कार की धमकी



**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की धमकी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले गए मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। राष्ट्रीय पुरुष टीम के कम से कम दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लैंड टीम का ऐलान, चोटिल आर्चर शामिल

एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को एशेज श्रृंखला के एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में चोटिल होने के बावजूद अगले साल फरवरी मार्च में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए इंग्लैंड की 15 सदस्यीय संभावित टीम में शामिल किया गया।

एडिलेड टेस्ट के दौरान आर्चर के बाएं पांव में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण वह अगले दो टेस्ट मैच से बाहर हो गए थे। एक अन्य तेज गेंदबाज जोश टोंग को हैरी ब्रूक की कप्तानी वाली टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने सीमित ओवरों के क्रिकेट में अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। आर्चर हालांकि श्रीलंका के खिलाफ 22 जनवरी से होने वाली तीन वनडे और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।



#### इंग्लैंड की संभावित टीम

हैरी ब्रूक (कप्तान), रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, टॉम बैंटन, जैकब बेथेल, जोस बटलर, सैम कुरेन, लियाम डॉसन, बेन डकेट, विल जैक्स, जेमी ओवरटन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, जोश टोंग, ल्यूक वुड।

#### श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे जोफ्रा

ईसीबी ने कहा, 'आर्चर को टी20 विश्व कप की संभावित टीम में शामिल किया गया है, लेकिन वह श्रीलंका दौरे पर नहीं खेल पाएंगे क्योंकि इस महीने की शुरुआत में एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट के दौरान चोटिल होने के बाद वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं।' इंग्लैंड टी20 विश्व कप में 8 फरवरी को मुंबई में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह वेस्टइंडीज (11 फरवरी को मुंबई में), बांग्लादेश (14 फरवरी को कोलकाता में) और इटली (16 फरवरी को कोलकाता में) के खिलाफ मैच खेलेगा।

विमेंस टी-20 रैंकिंग

# शेफाली को चार पायदान का फायदा; 10वें नंबर पर जेमि





एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए। चौथे टी20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं।

#### शीर्ष पर काबिज दीप्ति

अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंच गई है। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढ़कर 52चें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है । श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।



### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप की होगी नीलामी

**सिडनी।** बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी की जाएगी। ब्रैडमैन ने उस श्रृंखला के दौरान भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया।

#### क्रिकेट इतिहास की वास्तविक वस्तु

एएपी के अनुसार यह कैप 75 वर्षों से अधिक समय से लगातार एक ही परिवार के स्वामित्व में रही है। लॉयड्स ऑक्शंस के ली हेम्स ने कहा, 'यह क्रिकेट इतिहास की एक वास्तविक वस्तु है, जिसे सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने व्यक्तिगत रूप से उपहार में दिया था।' ब्रैडमैन के युग के टेस्ट क्रिकेटर प्रत्येक श्रृंखला के लिए अलग-अलग कैप पहनते थे। इस कैप की सार्वजनिक नीलामी की जाएगी।

क्रिकेट

# डब्ल्यूपीएल खेलने से एलीसे और एनाबेल ने किया इनकार



एजेंसी ▶▶| मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की हरफनमौला एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से अपना नाम वापस ले लिया।

डब्ल्यूपीएल के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला पेरी के स्थान पर भारतीय ऑलराउंडर सायली सतघरे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम में शामिल होंगी, जबकि उनकी हमवतन ऑलराउंडर सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली कैपिटल्स ने ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।

डब्ल्यूपीएल के मुताबिक, 'ऑस्ट्रेलिया की हरफनमौला एलिस पेरी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु) और एनाबेल सदरलैंड (दिल्ली कैपिटल्स) ने निजी कारणों से लीग के आगामी सत्र से अपना नाम वापस ले लिया है।' उन्होंने कहा, 'आरसीबी ने पेरी की जगह सायली सतघारे को टीम में शामिल किया है। सतघारे 30 लाख रुपए की आधार कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी।

#### अलाना किंग को टीम में शामिल

दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।' उन्होंने कहा, ' ऑस्ट्रेलिया की इस लेग स्पिनर ने पिछले सत्र में यूपी वॉरियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 27 विकेट लिए है। किंग 60 लाख रुपए की आधार कीमत पर दिल्ली की टीम में शामिल होंगी।' यूपी वॉरियर्स बाएं हाथ की तेज गेंदबाज तारा नॉरिस की जगह भी ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर चार्ली नॉट को टीम में शामिल किया है। डब्लयूपीएल के शुरुआती सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलने वाली नॉरिस को अगले साल नेपाल में होने वाले महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर के लिए अमेरिका की टीम में शामिल किया गया है।

### पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच अजहर महमूद को हटाया

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है।




पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले ही हटा दिया गया है। पाकिस्तान अपना अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया, 'अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।' अजहर का बोर्ड के साथ दो साल का अनुबंध था। उन्हें पिछले साल टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया था। सूत्रों के अनुसार पीसीबी ने टेस्ट टीम के लिए नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर दी है और सहायक स्टाफ में भी फेरबदल हो सकता है।

# एसए20: सनराइजर्स ईस्टर्न को लगातार मिले बोनस अंक, डीकॉक ने खेली तूफानी पारी

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

आक्रामक बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक ने 47 गेंदों में 77 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स को 48 रन से हराकर बोनस अंक हासिल किया। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 188 रन बनाए। कैपिटल्स की टीम इसके जवाब में 18 ओवर में 140 रन पर आउट हो गई। सनराइजर्स ने लगातार दूसरे मैच में बोनस अंक हासिल किया और उसके अब 10 अंक हो गए हैं।



कैपिटल्स की टीम दो मैचों के बाद भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। डीकॉक ने अपनी पारी में पांच चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो के जल्दी आउट होने के बाद मैथ्यू ब्रीत्ज़के (33 गेंदों में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के साथ 70 गेंदों में 116 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा शानदार फॉर्म में चल रहे जॉर्डन हरमन (20 गेंदों में 37 रन, पांच चौके, एक छक्का) ने भी उपयोगी योगदान दिया। सनराइजर्स के मार्को यानसन, एडम मिल्ने और एनरिक नोर्किया की तेज गेंदबाजी की तिकड़ी ने इसके बाद कैपिटल्स के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। कैपिटल्स की तरफ से विल स्मीड ने 35 और शाई होप ने 36 रन बनाए। सनराइजर्स की तरफ से मिल्ने ने 25 रन देकर चार विकेट लिए।

## कार्लसन को हराया, हासिल किए 10 अंक

# विश्व ब्लिट्ज : एरिगैसी ने खेला मजबूत एंडगेम

एजेंसी ▶▶| दोहा

भारत के शीर्ष ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने अपने मजबूत एंडगेम और त्वरित गणना करने के कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन संयुक्त बढ़त हासिल की।

इसके बाद एरिगैसी ने एक अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी हराया और तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। इस तरह से एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और वह मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।




#### कार्लसन ने मेज पर मारकर बुरी तरह हिलाया

एरिगैसी ने शानदार खेल दिखाया जबकि कार्लसन को नौवें दौर में तनावपूर्ण एंडगेम में हार का सामना करना पड़ा। एरिगैसी के पास सिर्फ नौ सेकंड जबकि कार्लसन के पास तीन सेकंड बचे थे। नॉर्वे का खिलाड़ी जैसे ही रानी को चलने वाला था, मोहरा उनके हाथ से फिसलकर मेज से बाहर जा गिरा। संयोग से तब अलेक्जेंडर ग्रिशुक वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने जल्दी से रास्ते से हटने की कोशिश की। जब तक कार्लसन ने अपनी रानी उठाई और उसे वापस बोर्ड पर रखा, तब तक उनका समय समाप्त हो चुका था।

#### खेले जाएंगे छह और राउंड

शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों से ठीक पीछे छह खिलाड़ी हैं, जिनके समान 9.5 अंक हैं। विश्व ब्लिट्ज 2024 के सह-चैंपियन कार्लसन और इयान नेपोम्नियाची के संभावित 13 में से नौ अंक हैं। सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह और राउंड खेले जाएंगे, जिसके बाद फाइनल होगा।

#### हम्पी 61वें स्थान पर खिसकी

इस बीच महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरु हम्पी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए गए अपने प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं।

VEHICLE AVAILABLE for SALE
Tata Yodha 2.0 Model 2023
MP20-ZE-4373
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590





हाईकोर्ट ने प्रकरण की सुनवाई पर लगाई रोक

# जो व्यक्ति घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं था, उसे भी आरोपी बना दिया

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि जो व्यक्ति घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं था, उसे भी आरोपी बना दिया गया है। इस पर जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध बैढन की अदालत में चल रहे दहेज प्रकरण पर रोक लगा दी । कोर्ट ने अनावेदकों से जवाब तलब किया है।

मऊगंज के निवासी सुधीर कुशवाहा एवं दिनेश कुशवाहा की ओर से अधिवक्ता मनोज कुशवाहा ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को बताया कि सुधीन का विवाह नवंबर 2024 में हिंदू रीति-रिवाज से तहसील बैढ़न जिला सिंगरौली में संपन्न हुआ था। जनवरी 2025 में पत्नी स्वयं घर छोड़कर चली गई। याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से यह प्रतीत हुआ कि पत्नी विवाह से प्रसन्न नहीं थी और किसी अन्य व्यक्ति से विवाह करना चाहती थी। इसी कारण वह वापस नहीं आई। इसके पश्चात जून 2025 में उसने महिला थाना, सिंगरौली में याचिकाकर्ताओं के विरुद्ध दहेज अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पाया कि पत्नी द्वारा पति एवं उसके चाचा दिनेश के विरुद्ध लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया



असत्य प्रतीत होते हैं। जिस चाचा को अभियुक्त बनाया गया है, वह घटनास्थल पर मौजूद ही नहीं था। वह सतना का निवासी है और उसके द्वारा कभी भी दहेज संबंधी कोई मांग नहीं की गई है। हाईकोर्ट ने माना कि शिकायतकर्ता द्वारा दुर्भावनापूर्ण मंशा से कार्यवाही की गई है तथा यह दहेज अधिनियम के दुरुपयोग का मामला प्रतीत होता है।

हाईकोर्ट का अहम फैसला

## निजी जमीन पर बने ट्रस्ट पर सरकार रिसीवर की नियुक्ति नहीं कर सकती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक मामले में अहम सिद्धांत प्रतिपादित करते हुए कहा है कि निजी जमीन पर बने ट्रस्ट पर सरकार रिसीवर की नियुक्ति नहीं कर सकती। ऐसा करना पूरी तरह अवैधानिक है। इस मत के साथ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने नर्मदापुरम कलेक्टर को 6 माह के भीतर आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कहा कि आवेदन के निराकरण तक अपीलार्थी यंगेश्वर दास ट्रस्ट के प्रबंधक के रूप में कार्य करते रहेंगे। कोर्ट ने यह भी कहा कि कलेक्टर का निर्णय आने तक ट्रस्ट की जमीन खुर्दबुर्द नहीं की जाएगी और ट्रस्ट की आय का उचित रिकॉर्ड रखा जाएगा।
नर्मदापुरम निवासी यंगेश्वर दास की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1955 में श्री देव राम जानकी मंदिर (बड़िया वाला), पिपरिया ट्रस्ट की स्थापना मूल रूप से गुरु-शिष्य परंपरा के तहत की गई थी। ट्रस्ट की स्थापना बिना किसी सरकारी अनुदान या सार्वजनिक सहायता के की गई थी। ट्रस्ट की स्थापना महंत गोपाल दास ने की थी। स्वर्गीय सुखराम दास, गुरु गोपाल दास के शिष्य होने के नाते, यंगेश्वर दास को महंत बनाया गया। अपीलार्थी स्वर्गीय सुखराम दास के शिष्य हैं, जिन्होंने 2 अगस्त 2006 को एक पंजीकृत वसीयत निष्पादित की थी, जिसमें अपीलकर्ता को अपना उत्तराधिकारी और ट्रस्ट का सर्वकार नियुक्त किया गया था। उक्त वसीयत के आधार पर अपीलकर्ता का नाम 2008 में सर्वहाकार के रूप में दर्ज किया गया था और वह तब से ट्रस्ट के मामलों और संपत्तियों का प्रबंधन कर रहे हैं। एक किराएदार ने उसे चुनौती देते हुए एसडीओ के समक्ष आवेदन दिया। एसडीओ ने तहसीलदार को ट्रस्ट का रिसीवर नियुक्त कर दिया। गुरू-शिष्य परंपरा के तहत अपीलार्थी ट्रस्ट का प्रबंधन ठीक से और पारदर्शी रूप से देख रहा है। कोर्ट ने कहा कि पब्लिक ट्रस्ट की धारा 9 और 26 के तहत आवेदन पब्लिक ट्रस्ट रजिस्ट्रार के समक्ष लंबित हैं, इसलिए मामले की जांच किए बिना रिसीवर नियुक्त नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि ऐसी स्थिति में रिसीवर की नियुक्ति का आदेश कानूनी रूप से गलत है।

नगर निगम ने की कार्यवाही, एक लाख का स्पाट फाइन भी लगाया

# रोड लाइंस के गोदाम में 2 सौ बोरी प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त

**जबलपुर।** शहर एक अंतराल के बाद नगर निगम के एक दल ने शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशों पर उक्त कार्रवाई करते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने चंडाल भाटा स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में दबिश देकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद की है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम को शहर के चंडाल भाटा नट बस्ती स्थित 'दीपक रोड लाइंस' के गोदाम में भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन का भंडारण किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई थी। इस सूचना पर मौके पर पहुंची टीम ने जब 'दीपक रोड लाइंस' के गोदाम की तलाशी ली तो वहां लगभग 200 बोरी प्रतिबंधित पॉलीथिन पायी गई। इस पर नगर निगम ने न केवल उक्त अवैध स्टॉक को जब्त किया वरन पर्यावरण नियमों के उल्लंघन पर सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित पक्ष पर 1 लाख रुपये का स्पॉट फाइन भी लगाया। इस कार्रवाई के दौरान अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा,सहायक स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र राज व अर्जुन यादव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनंत दुबे व राधा पवार , किशन दुबे, दल प्रभारी लक्ष्मण कोरी,आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेक्टर से गिरे युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत

**जबलपुर। मझगवां थानातंर्गत बाईपास नहर सिंघुली रोड के पास ट्रैक्टर से गिरकर बुरी तरह घायल हुए युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई।**
इस संबंध में मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बुढरा निवासी 17 वर्षीय चंदन कोल गांव के विनोद कुमार कुर्मी एवं नीलू कोल टैक्टर ट्राली क्रमांक एमपी 20 जेड वाय 2721 में धान लोड कर गौरहा सोसायटी जा रहे थे। टैक्टर में चंदन तथा 22 वर्षीय अमित कोल बैठा था। सुंघली मोड से टैक्टर चालक नीलू तेज रफ्तार से चलाते हुए जल्दी गौरहा पहुंचने के लिये कह रहा था जिसे कई बार आराम से चलाने के लिए भी बोला, जो नहीं माना और बाईपास नहर सिंघुली रोड के पास अमित कोल गिर गया जिससे अमित के सिर , हाथ पैर मे चोटे आ गयी। घायल अमित को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहॉ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर आरोपी टैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है।

लोकायुक्त कोर्ट का फैसला

# रिश्वत प्रकरण में पूर्व पटवारी व कोटवार को कारावास

**जबलपुर** लोकायुक्त के विशेष न्यायाधीश मनीष सिंह ठाकुर की अदालत ने रिश्वत लेने के आरोपी सिहोरा के पूर्व पटवारी बलीराम बर्मन व कोटवार चंदन दहिया का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ क्रमशः चार व तीन वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। साथ ही पांच व दो हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

अभियोजन की ओर से लोकायुक्त के विशेष अभियोजक प्रशांत शुक्ला ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रार्थी अधिवक्ता राम मनोहर सोनी, निवासी शंकर नगर, कारमेता ने 22 अप्रैल, 2018को पुलिस अधीक्षक, लोकायुक्त जबलपुर के समक्ष उपस्थित होकर लिखित शिकायत की थी। उसने आरोप लगाया था कि उसने अपनी जमीन की नई बही बनाने के लिए चार-पांच माह पूर्व अपनी पुरानी बही पटवारी बलीराम को दी थी। परन्तु बलीराम ने नई बही नहीं दी। प्रार्थी द्वारा आरोपित से इस हेतु सम्पर्क किए जाने पर आरोपी बलीराम बर्मन पटवारी ने उससे तीन हजार रुपये रिश्वत की मांग की। बातचीत के दौरान दो हजार रुपये रिश्वत में देना तय हुआ।

पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के आदेश पर लोकयुक्त दल द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपितों को 17 मई, 2018 को बलीराम बर्मन के कार्यालयीन कक्ष तहसील कार्यालय सिहोरा में 2000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। पटवारी बलीराम बर्मन द्वारा प्रार्थी से रिश्वत राशि प्राप्त कर चंदन दहिया को दी, जिसे चन्दन दहिया ने अपने पेंट की जेब मे रख लिया। जिसके पास से रिश्वत राशि दो हजार रुपये बरामद की गई। दोनों आरोपितों के हाथ व चन्दन दहिया की पेंट को सोडियम कार्बोनेट के घोल में धुलाने पर गुलाबी हो गए थे। अभियोजन के द्वार तर्क प्रस्तुत कर बताया गया कि आरोपियों के विरुद्ध अभियोजन द्वारा अपने मामले को प्रमाणित किया गया है।

# हाईटेंशन लाईन से झुलसे अधेड़ ने दम तोड़ा

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत राजीवनगर माढ़ोताल में हाईटेंशन लाईन से करंट लगने पर एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आईटीआई राजीवनगर माढ़ोताल निवासी 50 वर्षीय श्रीलाल जायसवाल को गत 24 दिसंबर की सुबह लगभग 10 बजे हाईटेंशन लाईन से करंट लगने से 40 से 45 प्रतिशत जलने की वजह से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भर्ती कराया गया था, जहां उपचार दौरान गत रात लगभग 9 बजे श्रीलाल जायसवाल की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

समाधि रोड पर मचा हड़कंप, बाधित रहा

# चलती कार में लगी अचानक आग, 12 यात्री बाल-बाल बचे

हरिभूमि जबलपुर।

टीएफआरआई के सामने गौर–समाधि रोड पर मंगलवार की दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रॉपिकल फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (टीएफआरआई) के सामने चलती एक कार में अचानक आग लग गई। कार में कुल 12 लोग सवार थे, जो बुकिंग के माध्यम से अपने एक परिचित के यहां जा रहे थे। अचानक हुई इस घटना से कुछ देर के लिए पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही कार समाधि रोड से गुजर रही थी, तभी उसके इंजन से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक और यात्रियों को कुछ समझ में आता, उससे पहले ही आग की लपटें दिखाई देने लगीं। धुआं देखते ही यात्रियों ने शोर मचाया, जिसके बाद चालक ने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोक दिया। आग तेजी से वैन के अगले हिस्से में फैलने लगी। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए वैन में सवार सभी 12 लोग तेजी और सूझबूझ के साथ वाहन से बाहर निकल आए। यात्रियों ने बताया कि आग लगते ही सभी घबरा गए थे, लेकिन समय रहते वाहन से उतर जाने के कारण सभी की जान बच गई। कुछ सेकंड की भी देरी गंभीर हादसे का कारण बन सकती थी।



### फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, हालांकि तब तक वैन काफी हद तक जल चुकी थी। आग बुझाने के दौरान आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या इंजन में आई तकनीकी खराबी माना जा रहा है। फिलहाल वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया गया। वैन चालक और यात्रियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रही है।

### यातायात प्रभावित, बाद में हुआ सामान्य

हादसे के चलते समाधि रोड पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला और स्थिति को नियंत्रित किया। आग बुझने और जली हुई वैन को हटाए जाने के बाद यातायात पुनः सुचारु हो सका।

*मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने केंद्रीय व उप जेलों में विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन*

# बंदियों को स्वयं के आचरण में सुधार करने किया प्रेरित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने केंद्रीय जेल जबलपुर, उप जेला सिहोरा एवं उप जेल पाटन में विधिक जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया। अतिथियों ने बंदियों से कहा कि स्वस्थ, सुरक्षित एवं सम्मानपूर्वक जीवन जीना प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। बंदियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए कौशल विकास पर जोर देते हुए फर्नीचर निर्माण, फाइल निर्माण, दरी एवं चादर बुनाई जैसे कार्य सीखने के लिए प्रेरित किया, ताकि जेल से रिहाई के बाद वे रोजगार प्राप्त कर अपने परिवार का सम्मानजनक भरण-पोषण कर सकें। बंदियों को पुस्तक अध्ययन, योगाभ्यास और आत्मचिंतन को जीवन का हिस्सा बनाने की सलाह दी, जिससे वे सकारात्मक बदलाव लाकर अपराध से दूर रह सकें और समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक फिर से स्थापित हो सकें। साथ ही बंदियों से संवाद भी कर उनकी व्यक्तिगत एवं विधिक समस्याएं सुनी गई। उन्हें विधिक सहायता एवं विधिक सलाह योजनाओं की जानकारी दी। शिविर के माध्यम से बंदियों को अपने आचरण में सुधार कर अपराध से दूर रहने, समाज से जुड़ने और एक नए, सकारात्मक जीवन की शुरुआत करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शक्ति वर्मा, ऋषिराज मिश्रा, जेल अधीक्षक मदन कमलेश, उप जेल अधीक्षक रूपाली शर्मा, सहायक जेल अधीक्षक हिमांशु तिवारी, लेखापाल राहुल चैरसिया, उप जेल सिहोरा से उप जेल अधीक्षक दिलीप नायक उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कृष्णमूर्ति मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया।

## दरगाह के पास बेच रहा था सुअरमार बम

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने मदनमहल दरगाह पहाड़ी के पास अवैध रुप से सुअरमार बम बेचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सुअरमार बम जब्त किए है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात मदनमहल दरगाह पहाड़ी के पास सुअरमार बम बेच रहे चिकनी कुआं देवताल गढ़ा निवासी 25 वर्षीय दशरत उर्फ रोहित उर्फ टकलू मेहरा को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सुअरमार बम जप्त करते हुये आरोपी दशरथ उर्फ रोहित उर्फ टकलू मेहरा के विरूद्ध धारा 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। बताया गया है कि पकड़ा गया आरोपी दशरथ उर्फ रोहित उर्फ टकलू मेहरा आपराधिक प्रवृति का है जिसके विरूद्ध पूर्व से अवैध वसूली, आर्म्स एक्ट, हत्या का प्रयास सहित 4 अपराध पंजीबद्ध हैं।

अस्पतालों, बैंकों के सामने बेतरतीब पार्किंग भी सुगम यातायात के लिए नाशूर

# रेहडी वालों को उजाड़ने के साथ बडे संस्थानें तक भी पहुंचे निगम की जेसीबी

हरिभूमि जबलपुर।

शहर में इस समय नगर निगम का अन्यक्रांति दल जमकर सक्रिय है। हर रोज शहर के किसी न किसी क्ष में सडक किनारे यातायात में बाधक अतिक्रमणों को समेटा जा रहा है। सब्जी भाजी के ठेले टपरे हों या पिफर रोज कमाने खाने वालों की सडक किनारे फुटपाथ पर लगने वाली दुकाने, इस समय जेसीबी के पंजे उन्हें नौचने में कोताही नहीं कर रहे।

सडक का पूरा उपयोग सुगम यातायात के लिए होना ही चाहिए इसमें कोई दो राय नहीं, परंतु इसके लिए होने वाली कार्यवाही में एकरूपता होना भी नितांत जरूरी है। अतिक्रमण की गाज केवल और केवल आम गरीबों, रोज कमाकर उपना चूल्हा जलाने वालों पर ही नहीं गिरना चाहिए। आज यह आरोप उजडने वाले छोटे व्यापारी खुलकर लगा रहे हैं। उनकी बात में दम भी है। यदि ईमानदारी से कार्यवाही हो तो सबसे पहले शहर भर में खुले बडे बडे अस्पताल और बैंक्स के सामने देख लें , यदि कहीं आपको पार्किंग के लिए इनके द्वारा स्थान हो तो बडी बात। शायद ही ऐसा कोई प्रतिष्ठान हो जहां ग्राहकों के लिए व्यवस्थित पार्किंग के लिए अलग से स्थान रख छोडा गया हो, वरना आधी सडक घेर कर वाहन पार्क कर यातायात को फुटपाथ पर व्यापार करने बाले छोटे रेहडियों से कहीं ज्यादा स्थान ये स्वनामधन्य प्रतिष्ठान घेर रहे हैं लेकिन मजाल कि नगर निगम ने इन बडे अस्पतालों, बैंकों और कोचिंग संस्थानें को नाम के लिए नोटिस भी दिया हो। गोलबाजार से लेकर राइट टाउन और नेपियर टाउन जैसे पाश इलाके ही नहीं शहर का हर कोना ऐसे संस्थानें द्वारा सडकों का बेजा इस्तेमाल किया जा रहा है।

कार्यवाही यदि हो तो फिर यातायात में बाधक बन रहे हर छोटे बडे पर एक सी होना चाहिए ताकि जिस उद्देश्य के साथ यह मुहिम चलाई जा रही है वह सार्थक हो सके, ऐसी जनापेक्षा है।

शराब पीकर वाहन चलाने पर होगा लायसेंस निरस्त

# नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा के चाक-चौबंध प्रबंध

**जबलपुर।** नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जोश में होश खोने वालों के होश ठिकाने लगाने पुलिस ने कड़े इंतजाम कर रखें हैं। शहर के हर प्रमुख चौराहों पर फिक्स पिकेट और स्टापर लगाये जा रहे हैं, ताकि तेज रफ्तार में वाहन चलाने वालों को नियंत्रित कर संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खोज खबर ली जायेगी और ब्रीथ एनालाईजर से परीक्षण किया जाएगा। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। तीन सवारी लेकर वाहन चलाने वालों पर वैद्यानिक कार्यवाही भी की जाएगी। जिला पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईएमएस को बताया कि नव वर्ष की पूर्व संध्या पर जबलपुर पुलिस द्वारा इस उद्धेश्य से कि कहीं कोई घटना, दुर्घटना न हो तथा नव वर्ष का आगमन खुशहाल माहौल में हो के उद्धेश्य से चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। अधिकांशतः शराब पीकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाये होती है, जिसे ध्यान में रखते हुये शहर के प्रमुख चौराहों पर जगह जगह फिक्स पीकेट्स, (बैरिकेट्स एवं स्टापर के साथ) लगाये जाकर चैकिंग की जायेगी। शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को ब्रीथ एनालाईजर द्वारा चैक किया जायेगा एवं तेज गति तथा तीन सवारी वाहन चलाने वालों के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुये, शराब पीकर वाहन चालाने वालो के लायसेंस निरस्तीकरण की भी कार्यवाही की जायेगी, साथ ही चिन्हित स्थानों पर सादी वर्दी में जवानो को लगाया गया है जो अवांछनीय तत्वों पर निगाह रखेंगे।
शहर के ढाबों एंव पार्को तथा होटल में जहॉ नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, आयोजकगण आयोजित कार्यक्रम के सम्बंध मे पूर्व से आवश्यक रूप से विधिवत अनुमति प्राप्त करते हुये निर्धारित मापदण्डो का पालन सुनिश्चित करायेंगे। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित करने वाले आयोजकगण एवं संचालकों की गत 27 दिसंबर को पुलिस कन्ट्रोलरूम में बैठक लेकर सुरक्षा सम्बंधी निर्देश दिये गये है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान मे रखते हुये आयोजकगण यह ध्यान रखेंगे कि कोई अनाधिकृत/अपरिचित व्यक्ति कार्यक्रम में सम्मिलित न हो। आयोजन अच्छी भावना एवं स्वस्थ मन से करें ताकि उसका किसी प्रकार से विरोध न हो।
पुलिस अधीक्षक जबलपुर संपत उपाध्याय ने जबलपुर वासियो से अपील की है कि नये वर्ष की पूर्व संध्या पर डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। साउंड बाक्स का उपयोग इस प्रकार करें की उसका वॉल्यूम नियंत्रित रहे जिससे आसपास रहने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो तथा ऐसा कोई भी कृत्य न करें जिससे आने वाले नव वर्ष में आपको किसी प्रकार की परेशानी हो।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240